# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## जुलाई भाग-2 2021



दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोनः 8750187501

ई-मेलः online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. अमेज़न वर्षावनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. अमेज़न वर्षावन उत्तरी दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं।
    2. यह पूर्व में अटलांटिक महासागर और पश्चिम में प्रशांत महासागर से घिरा है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रस्ताव केवल लोकसभा में ही पेश किया जा सकता है?

    1. निंदा प्रस्ताव
    2. कटौती प्रस्ताव
    3. अविश्वास प्रस्ताव
    4. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2
    C. 1, 2 और 3
    D. 2, 3 और 4

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. विश्व युवा कौशल दिवस को वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा नामित किया गया था।
    2. भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-साक्षर और स्कूल छोड़ने वालों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये जन शिक्षण संस्थान (JSS) को मंज़ूरी दी गई है।
    3. 'गोइंग ऑनलाइन एज़ लीडर्स' (GOAL) कार्यक्रम भारत के आदिवासी समुदाय के कौशल विकास के लिये एक पहल है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 1 और 3
    D. 1, 2 और 3

4. भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों निम्नलिखित में से किस बहुपक्षीय मंच के सदस्य हैं?

    1. ब्रिक्स
    2. विश्व व्यापार संगठन
    3. हिंद महासागर रिम एसोसिएशन
    4. जी -20

**नोट :**

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3 और 4
C. 1, 2 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) को भारत और फ्राँस पेरिस में आयोजित कॉन्फ्रेंस ऑफ़ पार्टीज-21 (COP-21) के दौरान किया गया था।
2. पीएम- कुसुम योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा क्षमताओं का उपयोग करके किसानों को वित्तीय और जल सुरक्षा प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

6. 'बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड' (B3W) पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) का मुकाबला करने के लिये G7 देशों द्वारा इस पहल का प्रस्ताव रखा गया है।
2. इसका उद्देश्य विकासशील और कम आय वाले देशों में बुनियादी ढाँचा निवेश घाटे को दूर करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. 'फिट फॉर 55 पैकेज' के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह यूरोपीय आयोग द्वारा जारी किया गया एक नया जलवायु प्रस्ताव है।
2. इस पैकेज का उद्देश्य 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान' (NDC) और कार्बन तटस्थता लक्ष्य को प्राप्त करना है।
3. इसमें परिवहन और इमारतों के लिए एक नई उत्सर्जन व्यापार प्रणाली और आयातित वस्तुओं पर कार्बन सीमा मूल्य शामिल है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

8. सुप्रीम कोर्ट पोर्टल फॉर असिस्टेंस इन कोर्ट्स एफिशिएंसी (SUPACE) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक AI-आधारित पोर्टल है जो प्रासंगिक तथ्यों को एकत्र करता है और न्यायाधीशों की ओर से निर्णय लेता है।
2. इस पोर्टल को भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

9. स्कूल नवाचार दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम (SIATP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय का एक सहयोगी प्रयास है।
2. यह स्कूली शिक्षकों को बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) और उत्पाद विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करता है।
3. कार्यक्रम केवल ऑनलाइन मोड में प्रशिक्षण प्रदान करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कृषि विज्ञान केंद्र (KVK), राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली (NARS) के हिस्सा हैं।
2. कृषि विज्ञान केंद्र योजना भारत सरकार द्वारा 100% वित्तपोषित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कानून व्यक्तिगत कानूनों के साथ-साथ आपराधिक कानूनों में वैवाहिक अधिकारों को मान्यता देता है।
2. हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 9 पति या पत्नी को अदालत में आवेदन करने का अधिकार देती है यदि पति या पत्नी में से किसी ने बिना उचित कारण के अलग होने का फैसला लिया है।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 1984 में सरोज रानी बनाम सुदर्शन कुमार चड्ढा मामले में पहली बार हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 9 को शून्य घोषित कर दिया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

12. मध्याह्न भोजन योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह शिक्षा मंत्रालय के तहत शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना (CSS) है।
2. सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, मदरसे और मकतब जो सर्व शिक्षा अभियान (SSA) के तहत समर्थित हैं।
3. किसी भी दिन स्कूल में मध्याह्न भोजन उपलब्ध न होने की स्थिति में केंद्र सरकार खाद्य सुरक्षा भत्ता का भुगतान करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 3

नोट :

13. स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड' रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान द्वारा जारी की गई है।
2. पिछले दो दशकों में भारत की कुल आबादी में कुपोषण की व्यापकता में सुधार हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हबल स्पेस टेलीस्कॉप, नासा के ग्रेट ऑब्जर्वेटरीज़ प्रोग्राम का एक हिस्सा है।
2. जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST) हबल स्पेस टेलीस्कॉप को प्रतिस्थापित करेगा।
3. JWST, नासा और इसरो की संयुक्त परियोजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

15. 'देशद्रोह कानून' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस कानून को मूल रूप से वर्ष 1837 में थॉमस मैकाले द्वारा तैयार किया गया था।
2. भारतीय दंड संहिता की धारा 124A के तहत देशद्रोह एक गैर-जमानती अपराध है।
3. केदारनाथ मामला देशद्रोह कानून से जुड़ा हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मेसोज़ोइक युग की समाप्ति के आस-पास उभरी।
2. यह पश्चिमी यूरोप के भौगोलिक क्षेत्रों में सबसे प्रमुख है।
3. मोंट ब्लांक इस पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊँची चोटी है।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस पर्वत श्रृंखला का सबसे उपयुक्त वर्णन करते हैं?

A. रॉकी
B. यूराल
C. एंडीज
D. आल्प्स

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. नियर-अर्थ एस्टेरॉयड स्काउट या NEA स्काउट नासा के एडवांस्ड एक्सप्लोरेशन सिस्टम (AES) प्रोग्राम के तहत विकसित एक छोटा अंतरिक्षयान है।
2. NEA स्काउट के ज़रिये मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट से डेटा एकत्र करने की परिकल्पना की गई है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

18.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' संयुक्त राष्ट्र की एकमात्र त्रिपक्षीय संस्था है।
2. वर्साय की संधि द्वारा ILO संयुक्त राष्ट्र (UN) की एक संबद्ध संस्था बनी थी।
3. 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन' का आयोजन प्रतिवर्ष ILO द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

19. 'टीपू सुल्तान' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने एक नया मौलुदी चंद्र-सौर कैलेंडर प्रस्तुत किया।
2. वह जैकोबिन क्लब के सदस्य बने।
3. उन्होंने फतुल मुजाहिदीन लिखा जिसमें रॉकेट के संचालन की व्याख्या की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रॉबर्ट क्लाइव ने वर्ष 1798 में सहायक संधि की शुरुआत की थी।
2. इस संधि पर सर्वप्रथम अवध के नवाब ने हस्ताक्षर किये थे।
3. अंग्रेज़ों ने सहायक संधि के तहत संरक्षित राज्यों के रक्षा और विदेशी मामलों को नियंत्रित किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

21. 103वें संविधान संशोधन अधिनियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 16 में संशोधन किया।
2. इसने केंद्र और राज्यों दोनों को समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS) को आरक्षण प्रदान करने में सक्षम बनाया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

22. 'इंडिया इनइक्क्वेलिटी रिपोर्ट 2021' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह रिपोर्ट देश में स्वास्थ्य असमानता के स्तर का आकलन करती है।
    2. इसके निष्कर्ष मुख्य रूप से राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के माध्यमिक विश्लेषण पर आधारित हैं।
    3. यह रिपोर्ट नीति आयोग द्वारा जारी की गई है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 1 और 2
    C. केवल 3
    D. 1, 2 और 3

23. भारत में सहकारी समितियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. सहकारिता शब्द को 97वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2011 के माध्यम से संविधान के भाग III में जोड़ा गया था।
    2. सहकारी समितियों को बढ़ावा देने के संबंध में राज्य नीति के निदेशक तत्त्वों में अनुच्छेद 43B जोड़ा गया था।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

24. लोकपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. लोकपाल एक भ्रष्टाचार रोधी प्राधिकरण है जो राष्ट्रीय स्तर पर जनहित का प्रतिनिधित्व करता है।
    2. भ्रष्टाचार के मामलों में सभी संसद सदस्यों पर लोकपाल का अधिकार क्षेत्र है।
    3. भारत के पहले प्रशासनिक सुधार आयोग ने नागरिकों की शिकायतों के निवारण के लिये लोकपाल की स्थापना की सिफारिश की थी।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2
    C. केवल 2 और 3
    D. 1, 2 और 3

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. सौर फोटोवोल्टिक विद्युत उत्पादन के लिये उच्च तापमान ऊर्जा स्रोत के रूप में केंद्रित सौर विकिरण का उपयोग करता है।
    2. सोलर थर्मल पावर सिस्टम सौर विकिरण को सीधे विद्युत में परिवर्तित करते हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इको निवास संहिता 2021 आवासीय भवनों के लिये ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता है।
    2. हाल ही में BEE की ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता के अनुरूप तैयार असाधारण रूप से कुशल भवन डिजाइनों के लिये निर्माण (NEERMAN) पुरस्कार की घोषणा की गई है।
    3. इको निवास संहिता को आज़ादी का अमृत महोत्सव के एक हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) की स्थापना ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के माध्यम से की गई थी।
2. इसका प्राथमिक उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था की ऊर्जा आधिक्य को कम करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित में से कौन-से देश 'चीन-दक्षिण एशियाई पहल' के सदस्य हैं?

1. अफगानिस्तान
2. पाकिस्तान
3. मालदीव
4. श्रीलंका

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 4

D. 1, 2 और 4

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डिजिटल ट्विन वास्तविक जीवन स्थितियों का अनुकरण करने और इसके प्रभाव का विश्लेषण करने के लिये भौतिक दुनिया की एक आभासी प्रतिकृति है।
2. डिजिटल ट्विन्स न केवल भौतिक संपत्तियों के डिजिटल भाग को एकीकृत करते हैं, बल्कि मौसम संबंधी रिकॉर्ड जैसे ऐतिहासिक डेटा सेट को भी शामिल करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आकाश मिसाइल भारत की पहली स्वदेश निर्मित मध्यम श्रेणी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है।
2. आकाश मिसाइल का संचालन स्वदेशी रूप से विकसित रडार 'इंद्र' द्वारा किया जाता है।
3. आकाश मिसाइल (Akash-NG) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल क्षमता वाला एक नया संस्करण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

31. भारतीय संदर्भ में हड़ताल के अधिकार का संबंध है:

A. वैधानिक अधिकार

B. नैतिक अधिकार

C. मौलिक अधिकार

D. मानवाधिकार

32. विश्व धरोहर स्थल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व धरोहर स्थलों की सूची का रखरखाव अंतर्राष्ट्रीय विश्व विरासत कार्यक्रम द्वारा किया जाता है।
2. एक बार जब कोई स्थल विश्व विरासत सूची में शामिल हो जाती है, तो इसे असूचीबद्ध नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33. हाल ही में खबरों में रही 'नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन' (NS2P) निम्नलिखित में से किन दो देशों को जोड़ती है?

A. जर्मनी-रूस

B. अमेरिका-मैक्सिको

C. जर्मनी-फ्राँस

D. डेनमार्क-स्वीडन

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये उच्च लवणीय परिस्थितियों में जीवित रह सकते हैं।
2. इनमें विशेष प्रकार की जड़ें होती हैं जिन्हें ब्रीदिंग रूट्स या न्यूमेटोफोर्स कहा जाता है।
3. ये ताजे जल को गूदेदार रसीली पत्तियों में संग्रहित करते हैं।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस प्रकार की वनस्पति का सबसे उपयुक्त वर्णन करते हैं?

A. मरूद्भिद

B. अल्पाइन

C. मैंग्रोव वनस्पति

D. सदाबहार पेड़

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मैंग्रोव केवल उष्ण कटिबंधीय तटीय क्षेत्रों के अंतर्ज्वारीय क्षेत्रों में ही उगते हैं।
2. पिछले पाँच वर्षों में भारत में मैंग्रोव कवर में गिरावट आई है।
3. भारत में मैंग्रोव कवर का सबसे बड़ा हिस्सा पश्चिम बंगाल में है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

36. राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायु विज्ञान संस्थान (NIMHANS) दिशा-निर्देशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के प्रबंधन पर दिशा-निर्देशों का एक समूह है।
2. दिशा-निर्देशों के अनुसार, 'बडी' या 'श्रोता' प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक/मनोचिकित्सक होते हैं जिन्हें आत्महत्या करने वाले कैदियों को सामाजिक सहायता प्रदान करने के लिये नियुक्त किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SEZ को आयकर और न्यूनतम वैकल्पिक कर से छूट दी गई है।
2. SEZ की स्थापना भारत में वर्ष 2000 में विदेश व्यापार नीति के तहत की गई थी।
3. एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (EPZ) गुजरात में स्थापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

38. 'मिशन पूर्वोदय' पहल निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के विकास से संबंधित है?

A. इस्पात उद्योग
B. रक्षा उद्योग
C. अंतरिक्ष उद्योग
D. डेयरी उद्योग

39. मत की गोपनीयता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का एक हिस्सा है।
2. यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का एक अभिन्न अंग है।
3. मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा में भी इसका उल्लेख है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1,2 और 3

नोट :

40. प्राय: समाचारों में रहने वाली 'बाबा कल्याणी समिति' का संबंध किस विषय से है?

A. लंबी अवधि की खाद्य नीति

B. बैंकिंग पर्यवेक्षण

C. लघु उद्योग सुधार

D. विशेष आर्थिक क्षेत्र नीति

'41. समान परंतु विभेदित उत्तरदायित्व' के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. यह 'जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन' (UNFCCC) के अंतर्गत एक सिद्धांत है।
2. इस सिद्धांत को रियो डी जनेरियो, ब्राज़ील में आयोजित 'अर्थ समिट (1992) में प्रतिष्ठापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1और न ही 2

42. 'सकल पर्यावरण उत्पाद' (GEP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. GEP उत्पाद और सेवा मूल्य है जो पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा मानव कल्याण और आर्थिक एवं सामाजिक सतत् विकास हेतु प्रदान किया जाता है।
2. GEP हरित सकल घरेलू उत्पाद (Green GDP) के घटकों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1और न ही 2

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत एशिया और प्रशांत के लिये संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक आयोग (UNESCAP) का सदस्य है।
2. डिजिटल एवं सतत् व्यापार सुविधा पर वैश्विक सर्वेक्षण UNESCAP द्वारा आयोजित किया जाता है।
3. वर्ष 2021 में डिजिटल और सतत् व्यापार सुविधा पर वैश्विक सर्वेक्षण में भारत का प्रदर्शन कई आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) देशों की तुलना में बेहतर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

44. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने निम्नलिखित में से किस मामले में निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित किया?

A. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य

B. न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ

C. एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ

D. एके गोपालन बनाम मद्रास राज्य

**नोट :**

45. निम्नलिखित में से कौन-सी रिपोर्ट और सूचकांक 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय' (NSO) द्वारा जारी किये जाते हैं?

1. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)
2. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)
3. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

46. मंकीपॉक्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक वायरल ज़ूनोटिक रोग है।
2. बंदर इस वायरस के एकमात्र प्राकृतिक मेज़बान हैं।
3. संक्रमित लोगों में चिकनपॉक्स जैसे दिखने वाले दाने निकल आते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

47. विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. व्यक्तियों को गृह मंत्रालय की अनुमति के बिना विदेशी योगदान स्वीकार करने की अनुमति नहीं है।
2. अधिनियम लोक सेवकों को विदेशी अंशदान प्राप्त करने से रोकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पश्चिमी हिंद महासागर (WIO) उत्तरी अमेरिका और यूरोप को एशिया से जोड़ता है।
2. 'पश्चिमी हिंद महासागर' क्षेत्र की समुद्री सुरक्षा क्षमता को मज़बूत करने के लिये मेस (MASE) कार्यक्रम शुरू किया गया है।
3. हिंद महासागर आयोग 'मेस कार्यक्रम' का एक हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

49. सामरिक पेट्रोलियम भंडार (SPR) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SPR केवल सैन्य उद्देश्यों के लिये कच्चे तेल का विशाल भंडार है।
2. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) ने सदस्य देशों के लिये कम-से-कम 90 दिनों के शुद्ध तेल आयात के बराबर आपातकालीन तेल स्टॉक रखने का दायित्व निर्धारित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. भारत में 'अल्पसंख्यकों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 29 केवल भाषाई अल्पसंख्यकों की संस्कृति के संरक्षण का अधिकार प्रदान करता है।
2. अनुच्छेद 30 केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के शिक्षण संस्थानों की स्थापना और प्रशासन का अधिकार प्रदान करता है।
3. अनुच्छेद 350-B में भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाने वाले भाषाई अल्पसंख्यकों के लिये एक विशेष अधिकारी का प्रावधान है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये::

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

51. धौलावीरा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे बड़ा स्थल है।
2. यह कर्क रेखा पर स्थित है।
3. यह विश्व धरोहर स्थल में शामिल होने वाला भारत का पहला सिंधु घाटी स्थल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

52. 'गंगा बेसिन में जल संवेदनशील शहर बनाना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पहल राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) द्वारा शुरू की गई थी।
2. इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय प्रमुख शहरी मिशनों के साथ नमामि गंगे मिशन का अभिसरण सुनिश्चित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

53. हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) हेतु 'नौका' नामक एक बड़ी अंतरिक्ष प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया है। यह निम्नलिखित में से किस देश द्वारा लॉन्च की गई है?

A. जापान

B. कनाडा

C. संयुक्त राज्य अमेरिका

D. रूस

54. 'गामा-किरण विस्फोट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये ब्रह्मांड में घटित सबसे शक्तिशाली घटनाएँ हैं, जिनका पता अरबों प्रकाश-वर्षों में लगाया जा सकता है।
2. बड़े गामा- किरण विस्फोट बड़े सितारों की मृत्यु से संबंधित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

55. अभ्यास 'इंद्र' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत और रूस के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
2. यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत आयोजित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे शहतूत रेशम से हाथ से बुना जाता है और इसमें शुद्ध सोने या चांदी की ज़री होती है।
2. डिजाइन रूपांकन दक्षिण भारत के मंदिर वास्तुकला से प्रेरणा लेते हैं।
3. इसे चोल वंश का संरक्षण प्राप्त था।

उपरोक्त कथन सबसे उपयुक्त रूप से निम्नलिखित में से किस भारतीय वस्त्र का वर्णन करते हैं।

A. बनारस ब्रोकेड

B. कांजीवरम सिल्क

C. चंदेरी रेशम

D. कोवई कोरा

57. 'शंघाई सहयोग संगठन (SCO)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रूस, चीन और कजाकिस्तान SCO के संस्थापक सदस्य हैं।
2. पाकिस्तान और भारत SCO के स्थायी सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम' (DICGC) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।
2. DICGC केवल भारतीय बैंकों को बीमा कवर प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. 'अर्थ ओवरशूट डे' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दिन उस तारीख को चिह्नित करता है जब किसी दिये गए वर्ष में पारिस्थितिक संसाधनों और सेवाओं के लिये मानवता की मांग उसी वर्ष में पृथ्वी पर पुन: उत्पादन किये जा सकने वाले संसाधनों की मात्रा से अधिक होती है।
2. अर्थ ओवरशूट डे की मेज़बानी और गणना संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा की जाती है।
3. पारिस्थितिक पदचिह्न प्रकृति पर मानव मांग की तुलना प्रकृति की पुन: उत्पन्न करने की क्षमता से करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

60. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | जीआई टैग प्राप्त उत्पाद | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | गडवाल साड़ी | तेलंगाना |
| 2. | शांतिपुर साड़ी | बिहार |
| 3. | बोमकाई साड़ी | ओडिशा |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

61. 'बादल फटने' की घटना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बादल फटने की घटना तब घटित होती है जब सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम स्तर पर होती है और तापमान कम होता है।
2. भारतीय उपमहाद्वीप में बादल फटने की घटना आमतौर पर तब होती है जब मानसून उत्तर की ओर, बंगाल की खाड़ी या अरब सागर से मैदानी इलाकों में या फिर हिमालय की ओर बढ़ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

62. सतलुज नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ब्यास और झेलम के बाद सिंधु नदी की तीसरी सबसे लंबी सहायक नदी है।
2. यह नदी हिमालय के दक्षिणी ढलान से निकलती है।
3. सतलुज नदी पाकिस्तान में प्रवेश करने से पहले हरिके में ब्यास नदी से मिलती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

63. बाघ संरक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बाघ संरक्षण वनों के संरक्षण का प्रतीक है।
2. सेंट पीटर्सबर्ग घोषणा बाघ संरक्षण से संबंधित है।
3. अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस वर्ष 29 जुलाई को मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

64. सूचना-निगरानी, मूल्यांकन और सामाजिक लेखा परीक्षण (I-MESA) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया है।
2. सभी योजनाओं का सामाजिक लेखा परीक्षण राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण (AERA) एक वैधानिक निकाय है।
2. AERA भारतीय हवाई अड्डों पर वैमानिकी सेवाओं के लिए टैरिफ और अन्य शुल्कों को नियंत्रित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

66. मैनुअल स्कैवेंजिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारत में मौलिक अधिकारों का उल्लंघन माना जाता है।
2. भारत में हाथ से मैला ढोने वाले लोगों के रोज़गार पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. सिक्यूरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीज़न (SAGAR) हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिये भारत का रणनीतिक दृष्टिकोण है।
2. भारत इंडोनेशिया समन्वित गश्ती (CORPAT) सागर दृष्टिकोण का एक भाग है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2020 में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की संख्या झारखंड में सबसे अधिक रही।
2. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार वर्ष 2015-16 की तुलना में वर्ष 2019-20 में बच्चों में कुपोषण में कमी देखी गई।
3. सतत् विकास लक्ष्य-2(SDG-2) का उद्देश्य वर्ष 2030 तक सभी प्रकार की भूख और कुपोषण को समाप्त करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

69. 'महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वह मुगलों के सामंत थे, जिन्हें औरंगज़ेब ने 'सवाई' की उपाधि प्रदान की थी।
2. वह मूलत: कछवाहा राजपूत वंश के थे, जो 12वीं शताब्दी में सत्ता में आए थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 340 पिछड़े वर्गों की स्थितियों की जाँच के लिये एक आयोग की नियुक्ति से संबंधित है।
2. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के उप-वर्गीकरण के लिये वर्ष 2017 में जस्टिस रोहिणी आयोग की नियुक्ति की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

## व्याख्या: भाग-1

1.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अमेज़न वर्षावन विशाल उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं जो उत्तरी दक्षिण अमेरिका में अमेज़न नदी और इसकी सहायक नदियों के जल निकासी बेसिन पर अवस्थित हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - इस तरह के वन एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, मध्य अमेरिका, मैक्सिको और कई प्रशांत द्वीपों में पाए जाते हैं।
  - उष्णकटिबंधीय बंद वितान वन होते हैं जो भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण में 28 डिग्री के भीतर पाए जाते हैं।
  - यहाँ या तो मौसमी रूप से या पूरे वर्ष में प्रतिवर्ष 200 सेमी. से अधिक वर्षा होती है।
  - तापमान समान रूप से उच्च होता है (20 डिग्री सेल्सियस और 35 डिग्री सेल्सियस के बीच)।
  - इस तरह के वन एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, मध्य अमेरिका, मैक्सिको और कई प्रशांत द्वीपों में पाए जाते हैं।
- ब्राज़ील के कुल क्षेत्रफल का लगभग 40% हिस्सा उत्तर में गुयाना हाइलैंड्स, पश्चिम में एंडीज़ पर्वत, दक्षिण में ब्राज़ील के केंद्रीय पठार और पूर्व में अटलांटिक महासागर से घिरा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

2.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- निंदा प्रस्ताव:लोकसभा में इसे स्वीकार करने का कारण बताना अनिवार्य है। इसे एक मंत्री या मंत्रियों के समूह या पूरी मंत्रिपरिषद के खिलाफ प्रस्तुत किया जा सकता है।
  - इसे विशिष्ट नीतियों और कार्यों के लिये मंत्रिपरिषद की निंदा करने हेतु स्थानांतरित किया गया है। इसे केवल लोकसभा में ही पेश किया जा सकता है।
- कटौती प्रस्ताव लोकसभा के सदस्यों में निहित एक विशेष शक्ति है जो अनुदान की मांग के हिस्से के रूप में वित्त विधेयक में सरकार द्वारा विशिष्ट आवंटन के लिये चर्चा की जा रही मांग का विरोध करती है।
  - यदि प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाता है, तो यह अविश्वास प्रस्ताव के समान होगा और यदि सरकार निम्न सदन में बहुमत सिद्ध करने में विफल रहती है, तो वह सदन के मानदंडों के अनुसार इस्तीफा देने के लिये बाध्य होगी।
  - निम्नलिखित में से किसी भी तरीके से मांग की मात्रा को कम करने के लिये एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा सकता है:
    - नीति कटौती प्रस्ताव: इसे इस तरह से प्रस्तुत किया जाता है कि मांग की राशि घटाकर 1 रुपया कर दी जाए", (मांग में अंतर्निहित नीति से अननुमोदन प्रकट करने के लिये हो) ऐसा प्रस्ताव "नीति कटौती प्रस्ताव" कहा जाएगा।
    - अर्थव्यवस्था में कटौती का प्रस्ताव: इसे इस तरह से पेश किया जाता है कि मांग की राशि एक निर्दिष्ट राशि से कम हो जाए।
    - टोकन कटौती प्रस्ताव: इसके अंतर्गत सदस्य किसी मंत्रालय की अनुदान मांगों में से 100 रुपए की टोकन कटौती का प्रस्ताव करते हैं। सरकार से कोई विशेष शिकायत होने पर भी सदस्य ऐसा करते हैं।
    - इसे केवल लोकसभा में ही प्रस्तुत किया जा सकता है।
- अविश्वास प्रस्ताव: भारतीय संविधान के अनुच्छेद-75 में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद लोकसभा के प्रति जवाबदेह है, अर्थात् इस सदन में बहुमत हासिल होने पर ही मंत्रिपरिषद बनी रह सकती है। इसके खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर मंत्रिपरिषद को इस्तीफा देना होता है। प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिये 50 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होती है।
  - इसे केवल लोकसभा में ही प्रस्तुत किया जा सकता है।
- ध्यानाकर्षण प्रस्ताव:यह संसद में एक सदस्य द्वारा तत्काल सार्वजनिक महत्त्व के मामले पर एक मंत्री का ध्यान आकर्षित करने और उस मामले पर एक आधिकारिक बयान मांगने के लिये प्रस्तुत किया जाता है।
  - इसे राज्यसभा के साथ-साथ लोकसभा में भी प्रस्तुत किया जा सकता है। अत: विकल्प C सही है।

नोट :

3.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विश्व युवा कौशल दिवस (World Youth Skills Day) प्रत्येक वर्ष 15 जुलाई को मनाया जाता है।
    - इसे वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (United Nations General Assembly- UNGA) द्वारा नामित किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - इसका उद्देश्य विश्व के युवाओं को रोज़गार, काम और उद्यमिता के लिये आवश्यक कौशल प्रदान करना है।
- यूनेस्को (UNESCO) के अनुमानों के अनुसार, मार्च 2020 और मई 2021 के बीच 50% देशों में 30 सप्ताह से अधिक समय तक स्कूल बंद रहे थे।
    - वयस्कों (Adult) के 3.7% की तुलना में युवा (Youth) रोज़गार पिछले वर्ष 8.7% गिर गया।
- प्रधानमंत्री ने 75 नए स्वीकृत जन शिक्षण संस्थानों (Jan Shikshan Sansthan- JSS) की घोषणा की और इसके लिये विशेष रूप से बनाया गया एक पोर्टल भी लॉन्च किया।
    - जेएसएस का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-साक्षर, नव-साक्षर और साथ ही स्कूल छोड़ने वालों को संबंधित क्षेत्र के बाज़ार के लिये प्रासंगिक कौशल की पहचान करके व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।
- जनजातीय समुदाय के लिये विशेष पहल:
- गोल कार्यक्रम (Going Online As Leaders' -GOAL): इस कार्यक्रम को इस प्रकार से डिज़ाइन किया गया है जिससे आदिवासी युवाओं और महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों यथा- बागवानी, खाद्य प्रसंस्करण, मधुमक्खी पालन, आदिवासी कला एवं संस्कृति आदि में डिजिटल कौशल व प्रौद्योगिकी के माध्यम से दीर्घकालिक स्तर पर ज्ञान प्राप्त हो सके। अत: कथन 3 सही है।
    - इसी प्रकार वन धन योजना आदिवासी समाज को नए अवसरों से प्रभावी ढंग से जोड़ रही है।

4.

**उत्तर: D**

व्याख्या:

- भारत और दक्षिण अफ्रीका का वैश्विक शासन/बहुपक्षीय मंचों पर अपने विचारों तथा प्रयासों को समन्वित कर एक साथ काम करने का एक लंबा इतिहास रहा है।
    - उदाहरण के लिये: ब्रिक्स (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका), आईबीएसए (भारत, ब्राज़ील तथा दक्षिण अफ्रीका), जी20, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) एवं विश्व व्यापार संगठन (WTO)। अत: विकल्प D सही है।

5.

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) भारत के प्रधानमंत्री और फ्रांँस के राष्ट्रपति द्वारा 30 नवंबर, 2015 को फ्रांँस की राजधानी पेरिस में आयोजित कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज-21 (COP-21) के दौरान शुरू की गई पहल है जिसमें 121 संभावित सदस्य राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था, जो पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से कर्क और मकर रेखा के बीच स्थित हैं। अत: कथन 1 सही है।
- पीएम- कुसुम (PM- KUSUM) :
    - कुसुम का अभिप्राय किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान है।
    - इसका उद्देश्य 2022 तक 25,750 मेगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता का उपयोग करके किसानों को वित्तीय और जल सुरक्षा प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।

**नोट :**

6.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में G7 (Group of Seven) देशों ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना (Belt and Road initiative-BRI) का मुकाबला करने के लिये 47वें G7 शिखर सम्मेलन में 'बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड' (Build Back Better World-B3W) पहल का प्रस्ताव रखा। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य विकासशील और कम आय वाले देशों में बुनियादी ढाँचे के निवेश घाटे को दूर करना है, जहाँ चीन ने BRI के अंतर्गत लगभग 2,600 परियोजनाओं के माध्यम से अरबों डॉलर का निवेश किया है। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना का नेतृत्व संयुक्त राज्य अमेरिका कर रहा है।
  - B3W पहल विकासशील देशों को वर्ष 2035 तक आवश्यक लगभग 40 ट्रिलियन डॉलर की मांग को पूरा करने के लिये एक पारदर्शी साझेदारी प्रदान करेगी।
  - यह जलवायु मानकों और श्रम कानूनों का पालन करते हुए निजी क्षेत्र के सहयोग से सैकड़ों अरबों डॉलर खर्च करने का आह्वान करती है।
  - हालाँकि इस विषय में अभी घोषणा नहीं की गई है कि योजना वास्तव में कैसे काम करेगी या अंतत: कितनी पूंजी आवंटित करेगी।

7.

उत्तर: D

व्याख्या

- हाल ही में यूरोपीय संघ (EU) ने एक नया जलवायु प्रस्ताव 'फिट फॉर 55 पैकेज' जारी किया है। अत: कथन 1 सही है।
  - ज्ञात हो कि यूरोपीय संघ ने दिसंबर 2020 में पेरिस समझौते के तहत संशोधित 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान' (NDC) प्रस्तुत किया था।
- यूरोपीय संघ का यह नया पैकेज प्रस्तावित परिवर्तनों के माध्यम से NDC और कार्बन तटस्थता लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करता है। ये प्रस्तावित परिवर्तन अर्थव्यवस्था, समाज और उद्योग को प्रभावित करेंगे तथा वर्ष 2030 तक निष्पक्ष, प्रतिस्पर्द्धी एवं ग्रीन ट्रांज़ीशन सुनिश्चित करेंगे। अत: कथन 2 सही है।
- यह पैकेज नुकसान से बचते हुए 'नियामक नीतियों' और बाज़ार-आधारित कार्बन मूल्य निर्धारण के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है।
- इसमें परिवहन और इमारतों के लिये एक नई उत्सर्जन व्यापार प्रणाली, वर्ष 2035 से प्रदूषणकारी कारों की बिक्री पर प्रतिबंध और आयातित सामानों पर कार्बन सीमा मूल्य शामिल है। अत: कथन 3 सही है।

8.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) ने एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित पोर्टल 'SUPACE' लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य कानूनी अनुसंधान के लिये न्यायाधीशों की सहायता करना है। अत: कथन 2 सही है।
  - 'SUPACE' 'सुप्रीम कोर्ट पोर्टल फॉर असिस्टेंस इन कोर्ट्स एफिशिएंसी' का संक्षिप्त रूप है।
- यह ऐसा साधन है जो प्रासंगिक तथ्यों और कानूनों को एकत्र करता है तथा उन्हें न्यायाधीशों के लिये उपलब्ध कराता है।
  - इस उपकरण को निर्णय लेने के लिहाज़ से डिज़ाइन नहीं किया गया है, बल्कि यह केवल तथ्यों को संसाधित करेगा और न्यायाधीशों की सहायता के लिये तथ्य उपलब्ध कराएगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - प्रारंभ में इसका प्रयोग बंबई और दिल्ली उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों द्वारा प्रायोगिक आधार पर किया जाएगा।

नोट :

9.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री और केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री ने संयुक्त रूप से स्कूल नवाचार दूत प्रशिक्षण (School Innovation Ambassador Training Program- SIATP) की शुरुआत की। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने एक आदि-प्रशिक्षण पोर्टल लॉन्च किया है जो प्रशिक्षण इनपुट का भंडार भी है।
- स्कूली शिक्षकों के लिये अभिनव और अपनी तरह के अनूठे प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य 50,000 स्कूल शिक्षकों को नवाचार, उद्यमिता, बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR), डिज़ाइन थिंकिंग, उत्पाद विकास, विचार निर्माण आदि में प्रशिक्षण देना है। अत: कथन 2 सही है।
    - यह छात्रों को भविष्य के लिये तैयार करने हेतु शिक्षकों को परिवर्तन-एजेंट और नवाचार दूत बनाएगा।
- कार्यक्रम को शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा स्कूली शिक्षकों के लिये "उच्च शैक्षिक संस्थान के संकाय सदस्यों हेतु नवाचार दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम" के आधार पर डिज़ाइन किया गया है।
    - प्रशिक्षण केवल ऑनलाइन माध्यम से दिया जाएगा। अत: कथन 3 सही है।

10.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कृषि विज्ञान केंद्र (Krishi Vigyan Kendra- KVK) भारत में एक कृषि विस्तार केंद्र है। ये केंद्र आमतौर पर एक स्थानीय कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े ICAR और किसानों के बीच अंतिम कड़ी के रूप में काम करते हैं तथा व्यावहारिक कृषि अनुसंधान को लागू करने का लक्ष्य रखते हैं।
    - यह राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली (National Agricultural Research System- NARS) का अभिन्न अंग है। अत: कथन 1 सही है।
    - पहला KVK वर्ष 1974 में पुदुचेरी में स्थापित किया गया था।
- KVK का अधिदेश इसके अनुप्रयोग और क्षमता विकास के लिये प्रौद्योगिकी मूल्यांकन तथा प्रदर्शन है।
    - KVK भी गुणवत्तापूर्ण तकनीकी उत्पादों जैसे- बीज, रोपण सामग्री, पशुधन आदि का उत्पादन करते हैं और इसे किसानों को उपलब्ध कराते हैं।
- KVK योजना भारत सरकार द्वारा 100% वित्तपोषित है और कृषि विश्वविद्यालयों, ICAR संस्थानों, संबंधित सरकारी विभागों तथा कृषि में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों (NGO) द्वारा स्वीकृत हैं। अत: कथन 2 सही है।

11.

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- वैवाहिक/दांपत्य अधिकार विवाह द्वारा स्थापित अधिकार हैं, अर्थात् पति या पत्नी दोनों को एक-दूसरे के प्रति साहचर्य का अधिकार होता है।
    - कानून इन अधिकारों को मान्यता देता है जिसके तहत विवाह, तलाक आदि से संबंधित व्यक्तिगत कानूनों तथा आपराधिक कानून में पति या पत्नी को भरण-पोषण और गुजारा भत्ता के भुगतान की आवश्यकता होती है। अत: कथन 1 सही है।
- हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 9 वैवाहिक अधिकारों के एक पहलू- साथ जीवन व्यतीत करने वाले अधिकार को मान्यता देती है तथा इस अधिकार को लागू करने के लिये पति या पत्नी को न्यायालय में जाने की अनुमति देती है।
    - जब पति और पत्नी दोनों में से कोई एक, पक्ष की संगति से बिना उचित कारण के अलग हो जाता है तब पीड़ित पक्ष ज़िला अदालत में याचिका द्वारा आवेदन कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

- सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 1984 में सरोज रानी बनाम सुदर्शन कुमार चड्ढा (Saroj Rani v Sudarshan Kumar Chadha) मामले में हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 9 को बरकरार रखा था, जिसमें कहा गया था कि यह प्रावधान विवाह को टूटने से रोककर एक सामाजिक उद्देश्य को पूरा करता है।
    - आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ ने वर्ष 1983 में इस प्रावधान को पहली बार टी. सरिता बनाम टी. वेंकटसुब्बैया (T. Sareetha vs T. Venkatasubbaiah) मामले में शून्य घोषित कर दिया था। अत: कथन 3 सही नहीं है।
        - सर्वोच्च न्यायालय ने अन्य कारणों के साथ निजता के अधिकार का हवाला दिया। अदालत ने यह भी माना कि "पत्नी या पति से इतने घनिष्ठ रूप से संबंधित मामले में पक्षकारों को राज्य के हस्तक्षेप के बिना अकेला छोड़ दिया जाता है"।
        - अदालत ने यह भी माना था कि "यौन संबंधों" के लिये मजबूर किये जाने के कारण "महिलाओं के लिये गंभीर परिणाम" होंगे।

**12.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मध्याह्न भोजन योजना (शिक्षा मंत्रालय के तहत) एक केंद्र प्रायोजित योजना (न कि केंद्रीय क्षेत्र की योजना) है जिसकी शुरुआत वर्ष 1995 में की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - यह प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये विश्व का सबसे बड़ा विद्यालय भोजन कार्यक्रम है।
- इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय में नामांकित I से VIII तक की कक्षाओं में अध्ययन करने वाले छह से चौदह वर्ष की आयु के हर बच्चे को पका हुआ भोजन प्रदान किया जाता है।
    - एगमार्क गुणवत्ता वाली वस्तुओं की खरीद के साथ ही स्कूल प्रबंधन समिति के दो या तीन वयस्क सदस्यों द्वारा भोजन का स्वाद चखा जाता है।
- यदि खाद्यान्न की अनुपलब्धता या किसी अन्य कारण से किसी भी दिन स्कूल में मध्याह्न भोजन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो राज्य सरकार अगले महीने की 15 तारीख तक खाद्य सुरक्षा भत्ता का भुगतान करेगी। अत: कथन 3 सही नहीं है।
    - प्राथमिक (I-V वर्ग) के लिये 450 कैलोरी और 12 ग्राम प्रोटीन तथा उच्च प्राथमिक (VI-VIII वर्ग) के लिये 700 कैलोरी और 20 ग्राम प्रोटीन के पोषण मानकों वाला पका हुआ भोजन।
- सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, मदरसे और मकतब जो सर्व शिक्षा अभियान (SSA) के तहत समर्थित हैं। अत: कथन 2 सही है।

**13.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2021 (SOFI)' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट ने भोजन के सेवन और कुपोषण पर कोविड-19 महामारी से प्रेरित आय में हानि के प्रभाव का अध्ययन किया है।
    - यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन, कृषि विकास हेतु अंतर्राष्ट्रीय कोष, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, विश्व खाद्य कार्यक्रम तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रस्तुत की गई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
        - इससे पहले वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट, 2021 (अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान- IFPRI द्वारा जारी) में कहा गया है कि बढ़ती गरीबी और घटती आजीविका का प्रभाव खाद्य असुरक्षा के बढ़ते स्तर तथा आहार की गुणवत्ता में कमी में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं।
- वर्ष 2018-20 के दौरान भारत में कुल आबादी के बीच कुपोषण का प्रसार 15.3% था, जो कि इसी अवधि के दौरान वैश्विक औसत (8.9%) की तुलना में काफी खराब प्रदर्शन है।
    - हालाँकि इसे वर्ष 2004-06 (21.6%) की तुलना में एक सुधार के रूप में देखा जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 2020 में पाँच वर्ष से कम आयु के लगभग 17.3% बच्चे ऊँचाई की तुलना में कम वज़न के साथ 'वेस्टेड ग्रोथ' का सामना कर रहे थे, जो कि अन्य देशों की तुलना में सबसे अधिक है।

- लगभग 31% बच्चों की उम्र की तुलना में लंबाई कम है (स्टंटेड), जो कि वर्ष 2012 में 41.7% की तुलना में बेहतर स्थिति है, किंतु यह अभी भी दुनिया के कई अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक है।
- भारत में वयस्क आबादी में मोटापे के मामले 2012 के 3% से बढ़कर 2016 में 3.9% हो गए हैं।
- प्रजनन आयु की महिलाओं में एनीमिया का प्रसार वर्ष 2012 के 53.2% से वर्ष 2019 में 53% हो गया जिसमें मामूली सुधार हुआ है।

**14.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या**

- हबल स्पेस टेलीस्कॉप, का नाम खगोलशास्त्री एडविन हबल के नाम पर रखा गया है।
  - यह वेधशाला अंतरिक्ष में स्थापित की जाने वाली पहली प्रमुख ऑप्टिकल टेलीस्कोप है और इसने अपने प्रक्षेपण (1990 में 'लो अर्थ ऑर्बिट' में) के बाद से खगोल विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व खोज की हैं।
  - यह नासा के ग्रेट ऑब्ज़र्वेटरीज़ प्रोग्राम का एक हिस्सा है, जिसमें चार अंतरिक्ष-आधारित वेधशालाओं का एक समूह है और प्रत्येक वेधशाला एक अलग तरह के प्रकाश में ब्रह्मांड पर नज़र रखती है। अत: कथन 1 सही है।
    - इस प्रोग्राम के अन्य मिशनों में विज़िबल-लाइट स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप, कॉम्पटन गामा-रे ऑब्ज़र्वेटरी (CGRO) और चंद्र एक्स-रे ऑब्ज़र्वेटरी (CXO) भी शामिल हैं।
  - हबल के उत्तरवर्ती के रूप में जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (James Webb Space Telescope- JWST) को इस वर्ष के अंत में लॉन्च किया जाना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - लेकिन कई खगोलविदों को उम्मीद है कि कुछ समय के लिये ही सही दोनों एक-दूसरे के साथ काम करने में सक्षम होंगे।
    - जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जिसे JWST या वेब भी कहा जाता है) 6.5 मीटर के प्राथमिक दर्पण युक्त एक बड़ा इन्फ्रारेड टेलीस्कोप होगा।
    - वेब (Webb) नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी (CSA) के मध्य एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**15.**

**उत्तर: D**

व्याख्या:

- देशद्रोह कानून को मूल रूप से वर्ष 1837 में ब्रिटिश इतिहासकार-राजनेता थॉमस मैकाले द्वारा तैयार किया गया था, लेकिन वर्ष 1860 में भारतीय दंड संहिता (IPC) को लागू करते समय इस प्रावधान को उसमें शामिल नहीं किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- राजद्रोह गैर-जमानती अपराध है। राजद्रोह के अपराध में तीन वर्ष से लेकर उम्रकैद तक की सज़ा हो सकती है और इसके साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- केदार नाथ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लगाए गए प्रावधान की वैधता को बरकरार रखा और फैसला सुनाया कि अगर कानून द्वारा स्थापित सरकार को उलट दिया जाता है तो राज्य का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। हालाँकि यह कहा गया है कि धारा 124A केवल उन अभिव्यक्तियों पर लागू होगी जो या तो हिंसा का इरादा रखती हैं या जिनमें हिंसा कराने की प्रवृत्ति है। अत: कथन 3 सही है।

**16.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**आल्प्स पर्वत:**

- आल्प्स पर्वत अल्पाइन ऑरोजेनी (पर्वत-निर्माण घटना) के दौरान उभरा, यह घटना लगभग 65 मिलियन वर्ष पहले शुरू हुई थी जो मेसोज़ोइक युग (Mesozoic Era) के पास आने के दौरान घटित हुई।
- यह पश्चिमी यूरोप के भौगोलिक क्षेत्रों में सबसे प्रमुख है।

- आल्प्स पर्वत शृंखला फ्राँस, इटली, स्विट्ज़रलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्लोवेनिया, क्रोएशिया, बोस्निया-हर्जेगोविना, मोंटेनेग्रो, सर्बिया और अल्बानिया तक विस्तारित है।
- आल्प्स फ्राँस, इटली, स्विट्ज़रलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्लोवेनिया, क्रोएशिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, मोंटेनेग्रो, सर्बिया तथा अल्बानिया का हिस्सा है।
- केवल स्विट्ज़रलैंड तथा ऑस्ट्रिया को ही 'ट्रू अल्पाइन' देश माना जा सकता है।
- 'मोंट ब्लांक' (Mont Blanc) आल्प्स और यूरोप की सबसे ऊँची चोटी है जो समुद्र तल से 4,804 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यह ग्रेयन आल्प्स में फ्राँस, स्विट्ज़रलैंड और इटली में स्थित है।
- अत: विकल्प D सही है।

**17.**

**उत्तर : A**

**व्याख्या :**

- हाल ही में राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (NASA) ने घोषणा की है कि उसके नए अंतरिक्षयान (नियर-अर्थ एस्टेरॉयड स्काउट या NEA स्काउट) ने सभी आवश्यक परीक्षण पूरे कर लिये हैं तथा इसे स्पेस लॉन्च सिस्टम (SLS) रॉकेट के अंदर सुरक्षित रूप से स्थापित कर दिया गया है।
- नियर-अर्थ एस्टेरॉयड स्काउट या NEA स्काउट, एक छोटा अंतरिक्षयान है, जिसे क्यूबसैट (CubeSat) के रूप में जाना जाता है, इसे नासा के एडवांस्ड एक्सप्लोरेशन सिस्टम (AES) प्रोग्राम के तहत विकसित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
  - AES तेज़ी से विकसित प्रोटोटाइप सिस्टम, प्रमुख क्षमताओं का प्रदर्शन तथा लो-अर्थ ऑर्बिट से परे भविष्य के मानव मिशनों के लिये परिचालन अवधारणाओं को मान्य करने हेतु नए दृष्टिकोणों का अग्रदूत है।
- इसका मुख्य उद्देश्य नियर-अर्थ एस्टेरॉयड से उड़ान भरना और डेटा एकत्र करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - इसे क्षुद्रग्रह तक पहुँचने में लगभग दो वर्ष लगेंगे और क्षुद्रग्रह से संपर्क के दौरान यह पृथ्वी से लगभग 93 मिलियन मील दूर होगा।
- यह विशेष सौर सेल प्रणोदन का उपयोग करने वाला अमेरिका का पहला अंतरग्रहीय मिशन भी होगा।

**18.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या**

- 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' संयुक्त राष्ट्र की एकमात्र त्रिपक्षीय संस्था है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह श्रम मानक निर्धारित करने, नीतियाँ को विकसित करने एवं सभी महिलाओं तथा पुरुषों के लिये सभ्य कार्य को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम तैयार करने हेतु 187 सदस्य देशों की सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों को एक साथ लाता है।
  - वर्ष 1969 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन को नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया।
- वर्ष 1919 में वर्साय की संधि द्वारा 'राष्ट्र संघ' (League of Nations) की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में इसकी स्थापना हुई। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - वर्ष 1946 में यह संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध पहली विशिष्ट एजेंसी बन गया।
  - मुख्यालय: जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड
- 'भारतीय श्रम सम्मेलन' को देश की 'श्रम संसद' के रूप में भी जाना जाता है, यह श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय में शीर्ष स्तर की त्रिपक्षीय (सरकार, नियोक्ता और श्रमिक) सलाहकार समिति है।
  - अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन, जिसे अंतर्राष्ट्रीय श्रम संसद के रूप में भी जाना जाता है, को प्रतिवर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' द्वारा आयोजित किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

19.

उत्तर: D

व्याख्या:

- नवंबर 1750 में जन्मे टीपू सुल्तान हैदर अली के पुत्र और एक महान योद्धा थे, जिन्हें 'मैसूर के बाघ' के रूप में भी जाना जाता है।
- हैदर अली (शासनकाल- 1761 से 1782 तक) और उनके पुत्र टीपू सुल्तान (शासनकाल- 1782 से 1799 तक) जैसे शक्तिशाली शासकों के नेतृत्व में मैसूर की शक्ति में काफी बढ़ोतरी हुई।
- टीपू सुल्तान ने अपने शासनकाल के दौरान कई प्रशासनिक नवाचारों की शुरुआत की, जिसमें उनके द्वारा शुरू किये गए सिक्के, एक नया मौलूदी चंद्र-सौर कैलेंडर और एक नई भूमि राजस्व प्रणाली शामिल थी, जिसने मैसूर रेशम उद्योग के विकास की शुरुआत की। अत: कथन 1 सही है।
- पारंपरिक भारतीय हथियारों के साथ-साथ उन्होंने तोपखाने और रॉकेट जैसे पश्चिमी सैन्य तरीकों को अपनाया ताकि उनकी सेनाएँ प्रतिद्वंद्वियों को मात दे सकें और उनके विरुद्ध भेजी गई ब्रिटिश सेनाओं का मुकाबला कर सकें।
- टीपू सुल्तान ने अपनी सेना को यूरोपीय मॉडल के आधार पर संगठित किया।
  - यद्यपि उन्होंने अपने सैनिकों को प्रशिक्षित करने के लिये फ्राँसीसी अधिकारियों की मदद ली, किंतु उन्होंने फ्राँसीसी अधिकारियों को कभी भी एक दबाव समूह के रूप में विकसित होने की अनुमति नहीं दी।
  - वह नौसैनिक बल के महत्त्व से अच्छी तरह वाकिफ थे।
    - वर्ष 1796 में उन्होंने 'नौवाहन विभाग बोर्ड' की स्थापना की और 22 युद्धपोतों तथा 20 फ्रिगेट के बेड़े के निर्माण की योजना बनाई।
    - उन्होंने मैंगलोर, वाजेदाबाद और मोलिदाबाद में तीन डॉकयार्ड स्थापित किये। हालाँकि उनकी योजनाएँ साकार नहीं हो सकीं।
- वर्ष 1767 में टीपू ने पश्चिमी भारत के कर्नाटक क्षेत्र में मराठों के खिलाफ घुड़सवार सेना की कमान संभाली और वर्ष 1775-79 के बीच कई मौकों पर मराठों के खिलाफ युद्ध किया।
- वह विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संरक्षक भी थे तथा उन्हें भारत में 'रॉकेट प्रौद्योगिकी के अग्रणी' के रूप में श्रेय दिया जाता है।
  - उन्होंने रॉकेट के संचालन की व्याख्या करते हुए एक सैन्य मैनुअल (फतुल मुजाहिदीन) लिखा। अत: कथन 2 सही है।
  - टीपू लोकतंत्र के एक महान प्रेमी और महान राजनयिक थे जिन्होंने वर्ष 1797 में जैकोबिन क्लब की स्थापना में श्रीरंगपटनम में फ्राँसीसी सैनिकों को समर्थन दिया था।
    - टीपू स्वयं जैकोबिन क्लब के सदस्य बने और स्वयं को सिटीज़न टीपू कहलाने की अनुमति दी। अत: कथन 3 सही है।
    - उन्होंने श्रीरंगपटनम में ट्री ऑफ लिबर्टी का रोपण किया।

20.

उत्तर: C

व्याख्या:

- लॉर्ड वेलेजली ने वर्ष 1798 में भारत में सहायक संधि प्रणाली की शुरुआत की, जिसके तहत सहयोगी भारतीय राज्य के शासकों को अपने शत्रुओं के विरुद्ध अंग्रेज़ों से सुरक्षा प्राप्त करने के बदले ब्रिटिश सेना के रखरखाव के लिये आर्थिक भुगतान करने को बाध्य किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सहायक संधि करने वाले देशी राजा अथवा शासक किसी अन्य राज्य के विरुद्ध युद्ध की घोषणा करने या अंग्रेज़ों की सहमति के बिना समझौते करने के लिये स्वतंत्र नहीं थे।
- यह संधि राज्य के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की नीति थी, लेकिन इसका पालन अंग्रेज़ों ने कभी नहीं किया।
- मनमाने ढंग से निर्धारित एवं भारी-भरकम आर्थिक भुगतान ने राज्यों की अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया एवं राज्यों के लोगों को गरीब बना दिया।
  - वहीं ब्रिटिश अब भारतीय राज्यों के व्यय पर एक बड़ी सेना रख सकते थे।
- वे संरक्षित सहयोगी की रक्षा एवं विदेशी संबंधों को नियंत्रित करते थे तथा उनकी भूमि पर शक्तिशाली सैन्य बल की तैनाती करते थे। अत: कथन 3 सही है।

- लॉर्ड वेलेजली ने वर्ष 1798 में हैदराबाद के निजाम के साथ पहली सहायक संधि की। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - वर्ष 1801 में अवध के नवाब को इस संधि पर हस्ताक्षर करने के लिये मजबूर किया गया।
  - पेशवा बाजीराव द्वितीय ने वर्ष 1802 में सहायक संधि पर हस्ताक्षर किये।

**21.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ऐसे व्यक्ति जिन्हें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था के तहत कवर नहीं किया गया है और जिनकी सकल वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपए से कम है उन्हें आरक्षण का लाभ प्रदान करने के उद्देश से 'आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग' (EWS) के रूप में पहचाना गया है।
  - सकल वार्षिक आय में आवेदन के वर्ष से पहले के वित्तीय वर्ष में सभी स्रोतों यानी वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशे आदि से प्राप्त आय शामिल है।
- संविधान (103वाँ) संशोधन अधिनियम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 16 में संशोधन करते हुए आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (EWS) के लिये शिक्षा संस्थानों में प्रवेश तथा नौकरियों में आर्थिक आरक्षण (10% कोटा) की शुरुआत की। अत: कथन 1 सही है।
  - इसके माध्यम से संविधान में अनुच्छेद 15 (6) और अनुच्छेद 16 (6) को सम्मिलित किया गया था।
- यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक तथा शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों (SEBC) के लिये उपलब्ध 50% आरक्षण नीति द्वारा कवर नहीं किये गए गरीबों के कल्याण को बढ़ावा देने हेतु अधिनियमित किया गया था।
  - यह केंद्र और राज्यों दोनों को समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों को आरक्षण प्रदान करने में सक्षम बनाता है। अत: कथन 2 सही है।

**22.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ऑक्सफैम इंडिया द्वारा जारी "इंडिया इनइक्क्वेलिटी रिपोर्ट 2021: इंडियाज़ अनइक्वल हेल्थकेयर स्टोरी" शीर्षक वाली रिपोर्ट से पता चलता है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ व्याप्त हैं और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की अनुपस्थिति के कारण हाशिये पर रहने वाले समुदायों के स्वास्थ्य परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- यह रिपोर्ट देश में स्वास्थ्य असमानता के स्तर को मापने के लिये विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों में स्वास्थ्य परिणामों का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है। अत: कथन 1 सही है।
- इसके निष्कर्ष मुख्य रूप से राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के तीसरे और चौथे दौर के माध्यमिक विश्लेषण तथा राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के विभिन्न दौरों पर आधारित हैं। अत: कथन 2 सही है।

**23.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

सहकारिता से संबंधित भारतीय संविधान के प्रावधान:

- संविधान (97वाँ संशोधन) अधिनियम, 2011 ने भारत में काम कर रही सहकारी समितियों के संबंध में भाग IXA (नगर पालिका) के ठीक बाद एक नया भाग IXB जोड़ा है।
- संविधान के भाग-III के अंतर्गत अनुच्छेद 19(1)(c) में "यूनियन (Union) और एसोसिएशन (Association)" के बाद "सहकारिता" (Cooperative) शब्द जोड़ा गया था। यह सभी नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान कर सहकारी समितियाँ बनाने में सक्षम बनाता है। अत: कथन 1 सही है।

- राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों (Directive Principles of State Policy- भाग IV) में "सहकारी समितियों के प्रचार" के संबंध में एक नया अनुच्छेद 43B जोड़ा गया था। अत: कथन 2 सही है।
- राज्य सूची की प्रविष्टि 32: सूची I और विश्वविद्यालयों में निर्दिष्ट निगमों के अलावा निगमों का निगमन, विनियमन और समापन; अनिगमित व्यापार, साहित्यिक, वैज्ञानिक, धार्मिक और अन्य समाज और संघ; सहकारी समितियाँ।

**24.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- लोकपाल एक भ्रष्टाचार विरोधी प्राधिकरण है जो राष्ट्रीय स्तर पर जनहित का प्रतिनिधित्व करता है।
  - भ्रष्टाचार के मामलों की जाँच करने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर लोकपाल, जबकि राज्य स्तर पर लोकायुक्त अधिकृत है। अत: कथन 1 सही है।
  - भारत भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है।
    - भारत में लोकपाल की अवधारणा स्वीडन से ली गई है।
- लोकपाल (सार्वजनिक पदाधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों की जाँच करने वाली सर्वोच्च संस्था) मार्च 2019 में अपने अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के साथ अस्तित्व में आया।
- भारत के पहले प्रशासनिक सुधार आयोग (1966- 1970) ने नागरिकों की शिकायतों के निवारण के लिये 'लोकपाल' और 'लोकायुक्त' के रूप में नामित दो विशेष प्राधिकरणों की स्थापना की सिफारिश की थी। अत: कथन 3 सही है।
- भ्रष्टाचार के मामलों में लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में सभी संसद सदस्य और केंद्र सरकार के कर्मचारी आते हैं। अत: कथन 2 सही है।

**25.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सोलर फोटोवोल्टिक (SPV): SPV सेल्स, सौर विकिरण (सूर्य के प्रकाश) को विद्युत में परिवर्तित करते हैं।
  - एक सोलर सेल, सिलिकॉन (Silicon) या अन्य सामग्रियों से बना एक अर्द्धचालक उपकरण (Semiconducting Device) होता है, जो सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सोलर थर्मल: सोलर थर्मल पावर सिस्टम, जिसे कंसंट्रेटिंग सोलर पावर सिस्टम के रूप में भी जाना जाता है, विद्युत उत्पादन हेतु थर्मल रूट का उपयोग कर उच्च तापमान ऊर्जा स्रोत के रूप में संकेंद्रित सौर विकिरण का उपयोग करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**26.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या :**

- हाल ही में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा "स्थायी आवास के लिये लक्ष्य: ऊर्जा दक्षता निर्माण में नई पहल 2021" (Aiming for Sustainable Habitat: New Initiatives in Building Energy Efficiency 2021) शुरु की गई।
  - ये पहल भवन क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने का प्रयास करती हैं और इन्हें 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था। अत: कथन 3 सही है।
- शुरू की गई पहलें:
  - ईको निवास संहिता 2021 : भारत के ऊर्जा संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देने हेतु आवासीय भवनों (Energy Conservation Building Code for Residential- ECBC-R) के लिये यह एक ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता है। अत: कथन 1 सही है।
    - यह ईको निवास संहिता 2021 के साथ कोड अनुपालन दृष्टिकोण और भवन सेवाओं के लिये न्यूनतम ऊर्जा प्रदर्शन आवश्यकताओं एवं सत्यापन ढाँचें को निर्दिष्ट करता है।

नोट :

- हैंडबुक फॉर लर्निंग: वेब आधारित एक मंच "द हैंडबुक ऑफ रेप्लिकेबल डिज़ाइन फॉर एनर्जी एफिसिएंट रेज़िडेन्शियल बिल्डिंग्स" उपलब्ध होगा जिसका उपयोग भारत में कम ऊर्जा खपत वाले भवनों के निर्माण में एक उपयोगी और अपनाई जा सकने योग्य सूचनाओं एवं जानकारियों के स्रोत के रूप में किया जा सकेगा।
- निर्माण सामग्री की ऑनलाइन डॉयरेक्टरी: ऊर्जा दक्षता वाले भवन निर्माण हेतु भवन निर्माण सामग्री के लिये मानकीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण करने के उद्देश्य से भवन निर्माण सामग्री की एक ऑनलाइन डॉयरेक्टरी तैयार की जाएगी।
- निर्माण पुरस्कार: निर्माण पुरस्कार (NEERMAN यानी नेशनल एनर्जी एफिसिएन्सी रोडमैप फॉर मूवमेंट टूवड्र्स एफोर्डेबल एंड नेचुरल हैबीटेट) की घोषणा की जाएगी जिसका उद्देश्य BEE की ऊर्जा बचत भवन संहिता के अनुरूप तैयार असाधारण रूप से ऊर्जा बचत भवन प्रारूपों को प्रोत्साहित करना है। अत: कथन 2 सही है।

**27.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) को विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के तहत स्थापित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- यह भारतीय अर्थव्यवस्था के ऊर्जा आधिक्य को कम करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ विकासशील नीतियों और रणनीतियों में सहायता करता है। अत: कथन 2 सही है।
    - BEE अपने कार्यों को करने में मौजूदा संसाधनों एवं बुनियादी ढाँचे की पहचान तथा उपयोग करने के लिये नामित उपभोक्ताओं, एजेंसियों व अन्य संगठनों के साथ समन्वय करता है।

**28.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- चीन-दक्षिण एशियाई पहल के सदस्य: चीन, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका।
- भारत, भूटान और मालदीव अन्य सार्क देश हैं जो इस पहल का हिस्सा नहीं हैं। अत: विकल्प D सही है।
- विज़न: चीन के विभिन्न दक्षिण एशियाई देशों के साथ विभिन्न प्रकार के रणनीतिक, समुद्री, राजनीतिक और वैचारिक हित हैं, इसलिये वह भारत को संतुलित करने हेतु प्रत्येक देश के साथ अपने जुड़ाव को समान स्तर पर बढ़ा रहा है।

**29.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- डिजिटल ट्विन (Digital Twin) भौतिक दुनिया की एक आभासी प्रतिकृति है। इसकी गतिशीलता और प्रक्रियाएँ हमें वास्तविक जीवन स्थितियों का अनुकरण करने तथा इसके प्रभाव का विश्लेषण करने की अनुमति देती हैं। अत: कथन 1 सही है।
- डिजिटल ट्विन तीन भागों से बने होते हैं:
- भौतिक दुनिया में भौतिक संस्थाओं।
- आभासी दुनिया में आभासी मॉडल।
- जुड़ा हुआ डेटा जो दो विश्व को जोड़ता है।
- डिजिटल ट्विन्स न केवल भौतिक संपत्तियों (पाइप, पंप, वाल्व, टैंक आदि) के डिजिटल भाग को एकीकृत करते हैं, बल्कि मौसम संबंधी रिकॉर्ड जैसे ऐतिहासिक डेटा सेट को भी शामिल करते हैं, जो उन्हें कई विश्लेषणों के लिये उपयोग करने की अनुमति देता है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

**30.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- आकाश भारत की पहली स्वदेश निर्मित मध्यम श्रेणी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है जो कई दिशाओं, कई लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। अत: कथन 1 सही है।
    - इस मिसाइल को मोबाइल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से युद्धक टैंकों या ट्रकों से लॉन्च किया जा सकता है। इसमें लगभग 90% तक लक्ष्य को भेदने की सटीकता की संभावना है।
    - इस मिसाइल का संचालन स्वदेशी रूप से विकसित रडार 'राजेंद्र' द्वारा किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - यह मिसाइल ठोस ईंधन तकनीक और उच्च तकनीकी रडार प्रणाली के कारण अमेरिकी पैट्रियट मिसाइलों (US' Patriot Missiles) की तुलना में सस्ती और अधिक सटीक है।
    - यह मिसाइल ध्वनि की गति से 2.5 गुना तीव्र गति से लक्ष्य को भेद सकती है तथा निम्न, मध्यम और उच्च ऊँचाई पर लक्ष्यों का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर सकती है।
    - आकाश मिसाइल प्रणाली को भारत के 30 वर्षीय एकीकृत निर्देशित-मिसाइल विकास कार्यक्रम (Integrated Guided-Missile Development Programme- IGMDP) के हिस्से के रूप में डिज़ाइन और विकसित किया गया है।
- आकाश मिसाइल (Akash-NG) सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
    - यह आकाश मिसाइल का एक नवीनतम संस्करण है जो लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लक्ष्य पर हमला कर सकती है और 2.5 मैक तक की गति से उड़ान भर सकती है।
    - एक बार तैनात होने के पश्चात् नई पीढ़ी की 'आकाश मिसाइल' हथियार प्रणाली भारतीय वायु सेना की वायु रक्षा क्षमता के लिये एक महत्त्वपूर्ण गुणक साबित होगी।
    - इस मिसाइल प्रणाली को हैदराबाद स्थित 'रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला' (DRDL) द्वारा अन्य DRDO प्रयोगशालाओं के सहयोग से विकसित किया गया है।
    - इसका निर्माण 'भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' (BEL) और 'भारत डायनेमिक्स लिमिटेड' (BDL) द्वारा किया जा रहा है।

**31.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- हड़ताल के अधिकार को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1) मौलिक अधिकारों के रूप में कुछ स्वतंत्रताओं की सुरक्षा की गारंटी देता है, जैसे:
    - वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता।
    - शांति पूर्वक और हथियारों के बिना सम्मेलन की स्वतंत्रता।
    - संगम या संघ बनाने का अधिकार।
    - पूरे भारत क्षेत्र में अबाध संचरण की स्वतंत्रता।
    - भारत के किसी भी हिस्से में निवास करने और बसने की स्वतंत्रता।
    - किसी भी व्यवसाय, पेशा अपनाने एवं व्यापार शुरू करने की स्वतंत्रता।
- हालाँकि भारत के संविधान में हड़ताल को स्पष्ट रूप से मान्यता नहीं दी गई है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कामेश्वर प्रसाद बनाम बिहार राज्य 1958 के मामले को यह कहकर सुलझा लिया कि हड़ताल मौलिक अधिकार नहीं है।
    - सरकारी कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने का कोई कानूनी या नैतिक अधिकार नहीं है।
- भारत ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत हड़ताल को एक वैधानिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

**32.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विश्व धरोहर स्थल एक ऐसा स्थान है जो यूनेस्को द्वारा अपने विशेष सांस्कृतिक या भौतिक महत्त्व के लिये सूचीबद्ध है। विश्व धरोहर स्थलों की सूची का रखरखाव यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति द्वारा प्रशासित अंतर्राष्ट्रीय 'विश्व विरासत कार्यक्रम' द्वारा किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका उद्देश्य विश्व भर में मानवता के लिये उत्कृष्ट मूल्यों के रूप में मानी जाने वाली सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की पहचान और उसका संरक्षण करना है।
- स्थलों को विश्व विरासत सूची से हटाया जा सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - उदाहरण: हाल ही में इंग्लैंड के लिवरपूल शहर को यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) की विश्व धरोहर स्थलों की सूची से बाहर कर दिया गया है।
    - सूची से हटाए जाने का कारण: नई इमारतें जिनमें फुटबॉल स्टेडियम हैं, इसके विक्टोरियन डॉक के आकर्षण को कम करने के साथ-साथ तट के विरासत मूल्य को नष्ट कर रही हैं।
    - अति विकास ऐतिहासिक बंदरगाह की विरासत को अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुँचाएगा।
  - अन्य असूचीबद्ध स्थल:
    - वर्ष 2007 में ओमान में वन्यजीव अभयारण्य।
- कारण: अवैध शिकार और निवास स्थान की क्षति।
    - वर्ष 2009 में जर्मनी में ड्रेसडेन एल्बे घाटी।
- कारण: नदी के ऊपर चार लेन का मोटरवे पुल बनाया गया था।

**33.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- हाल ही में अमेरिका ने 'जर्मनी-रूस नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन' (NS2P) परियोजना को मंज़ूरी दी है, जिससे रूस पर यूरोप की ऊर्जा निर्भरता काफी बढ़ जाएगी।
  - अमेरिका ने इससे पूर्व रूस और जर्मनी के बीच इस गैस पाइपलाइन को पूरा करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अत: विकल्प A सही है।
  - यह 1,200 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन है, जो रूस में उस्त-लुगा से जर्मनी में ग्रीफ्सवाल्ड तक बाल्टिक सागर के रास्ते होकर गुज़रती है। इसमें प्रतिवर्ष 55 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस ले जाने की क्षमता होगी।
- 'नॉर्ड स्ट्रीम 1' को पहले ही पूरा किया जा चुका है और 'नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन' के साथ मिलकर यह जर्मनी को प्रतिवर्ष 110 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस की आपूर्ति करेगा।

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

मैंग्रोव की विशेषताएँ:

- लवणीय वातावरण: ये अत्यधिक प्रतिकूल वातावरण जैसे- उच्च लवणीय और कम ऑक्सीजन की स्थिति में जीवित रह सकते हैं।
- कम ऑक्सीजन: किसी भी पौधे के भूमिगत ऊतक को श्वसन के लिये ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है लेकिन मैंग्रोव वातावरण में मिट्टी में ऑक्सीजन सीमित या शून्य होती है। इसलिये मैंग्रोव जड़ प्रणाली वातावरण से ऑक्सीजन को अवशोषित करती है।
  - इस उद्देश्य के लिये मैंग्रोव की विशेष जड़ें होती हैं जिन्हें 'ब्रीदिंग रूट्स' या 'न्यूमेटोफोर्स' कहा जाता है।
  - इन जड़ों में कई छिद्र होते हैं जिनके माध्यम से ऑक्सीजन भूमिगत ऊतकों में प्रवेश करती है।

- रसीले पत्ते: मैंग्रोव रेगिस्तानी पौधों की तरह मोटे रसीले पत्तों में ताज़ा पानी जमा करते हैं।
  - पत्तियों पर 'वैक्सी कोटिंग' पानी को सील कर देता है और वाष्पीकरण को कम करता है।
- विविपेरस: उनके बीज मूल वृक्ष से जुड़े रहते हुए अंकुरित होते हैं। एक बार अंकुरित होने के बाद वह प्रजनक के रूप में बढ़ता है।
  - परिपक्व प्रोपेग्युल पानी में गिर जाता है और एक अलग स्थान पर पहुँच कर, अंतत: एक ठोस जमीन में जड़ें जमा लेता है। अत: विकल्प C सही है।

**35.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मैंग्रोव दुनिया के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में 118 से अधिक देशों और क्षेत्रों में पाए जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- 'स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट' 2019 के अनुसार, देश में मैंग्रोव कवर 4,975 वर्ग किमी. है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 0.15% है।
  - पिछले आकलन (2017) की तुलना में देश में मैंग्रोव कवर में 54 वर्ग किमी. (1.10%) की वृद्धि हुई है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- गंगा, महानदी, कृष्णा, गोदावरी और कावेरी नदियों के डेल्टा में मैंग्रोव वन हैं।
  - केरल के 'बैकवाटर' में मैंग्रोव वन का उच्च घनत्व है।
  - पश्चिम बंगाल में सुंदरवन दुनिया का सबसे बड़ा मैंग्रोव क्षेत्र है और यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है।
  - ओडिशा में भीतरकनिका मैंग्रोव सिस्टम भारत का दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है।
  - तमिलनाडु के पिचावरम में मैंग्रोव वनों से आच्छादित पानी का विशाल विस्तार है। यह कई जलीय पक्षी प्रजातियों का घर है।
- पश्चिम बंगाल में भारत के मैंग्रोव कवर का 42.45% हिस्सा है, इसके बाद गुजरात 23.66% और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 12.39% हैं। अत: कथन 3 सही है।

**36.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- गृह मंत्रालय के अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंस' (निमहांस/NIMHANS) ने कैदियों और जेल कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के प्रबंधन के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - मानसिक स्वास्थ्य संबंधी रोग की पहचान के लिये 'गेटकीपर मॉडल' के तहत आत्महत्या के जोखिम वाले कैदियों की पहचान करने हेतु विशेष रूप से प्रशिक्षित चयनित कैदी, अन्य कैदियों को उपचार एवं सहायक सेवा प्रदान करेंगे।
  - मानसिक विकारों वाले कैदियों को आत्महत्या के जोखिम से बचाने के लिये उनका नियमित रूप से मूल्यांकन एवं पर्यवेक्षण करना आवश्यक होता है और नियमित रूप से दवा दी जानी भी महत्त्वपूर्ण होती है।
- सामाजिक हस्तक्षेप के लिये 'बडी सिस्टम' (Buddy System):
  - यह प्रशिक्षित कैदियों के माध्यम से एक प्रकार का सामाजिक समर्थन कार्यक्रम है, जिसे 'बडी' या 'श्रोता' के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - आत्महत्या की इच्छा से पीड़ित कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य पर इस पहल का बेहतर प्रभाव पाया गया है। इसके अलावा मित्रों और परिवार के साथ समय-समय पर टेलीफोन पर बातचीत करना भी इस दिशा में महत्त्वपूर्ण हो सकता है।

**37.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- SEZ किसी देश के भीतर स्थित ऐसे क्षेत्र हैं जो प्राय: शुल्क मुक्त (राजकोषीय रियायत) होते हैं और यहाँ मुख्य रूप से निवेश को प्रोत्साहित करने तथा रोज़गार पैदा करने के लिये अलग-अलग व्यापार और वाणिज्यिक कानून होते हैं।

- एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (Export Processing Zones- EPZ) वर्ष 1965 में कांडला, गुजरात में स्थापित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।
  - EPZ एक प्रकार का SEZ है।
  - यह विदेशी संस्थाओं से निवेश के माध्यम से आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करके वाणिज्यिक और औद्योगिक निर्यात को बढ़ाने के लिये स्थापित एक क्षेत्र है।

- सरकार ने वर्ष 2000 में EPZ की सफलता को सीमित करने वाली ढाँचागत और नौकरशाही चुनौतियों के निवारण के लिये विदेश व्यापार नीति के तहत SEZ की स्थापना शुरू की। अत: कथन 2 सही है।
  - विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम वर्ष 2005 में पारित किया गया और वर्ष 2006 में SEZ नियमों के साथ लागू हुआ।
  - हालाँकि SEZ की स्थापना का कार्य वर्ष 2000 से 2006 तक (विदेश व्यापार नीति के तहत) भारत में चालू था।
  - भारत के SEZ को चीन के सफल मॉडल के साथ मिलकर संरचित किया गया था।
- SEZ के लिये उपलब्ध प्रमुख प्रोत्साहन और सुविधाएँ:
  - SEZ इकाइयों के विकास, संचालन और रखरखाव के लिये शुल्क मुक्त आयात/माल की घरेलू खरीद।
  - आयकर, न्यूनतम वैकल्पिक कर आदि जैसे विभिन्न करों से छूट। अत: कथन 1 सही है।
  - मान्यता प्राप्त बैंकिंग के माध्यम से बिना किसी परिपक्वता प्रतिबंध के SEZ इकाइयों द्वारा एक वर्ष में 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक की बाहरी वाणिज्यिक उधारी।
  - केंद्र और राज्य स्तर पर अनुमोदन के लिये एकल खिड़की अनुमोदन।

**38.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मिशन पूर्वोदय को वर्ष 2020 में कोलकाता, पश्चिम बंगाल में एक एकीकृत इस्पात केंद्र की स्थापना के माध्यम से पूर्वी भारत के त्वरित विकास हेतु लॉन्च किया गया था।
  - इस मिशन के तहत भारत के पूर्वी राज्यों (ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल) और आंध्र प्रदेश के उत्तरी हिस्से पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो सामूहिक रूप से देश के लौह अयस्क का ~ 80%, कोकिंग कोल का ~ 100% और क्रोमाइट, बॉक्साइट और डोलोमाइट के भंडार का महत्त्वपूर्ण हिस्सा रखते हैं।
- एकीकृत इस्पात केंद्र 3 प्रमुख तत्त्वों पर ध्यान केंद्रित करेगा:
  - ग्रीनफील्ड इस्पात संयंत्रों की स्थापना को आसान बनाकर उनकी क्षमता वृद्धि करना।
  - एकीकृत इस्पात संयंत्रों के साथ-साथ माँग केंद्रों के पास इस्पात समूहों का विकास करना।
  - रसद और उपयोगिताओं के बुनियादी ढाँचे में परिवर्तन जो पूर्व में सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को परिवर्तित करने में सक्षम होगा।
- अत: विकल्प A सही है।

**39.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि किसी भी चुनाव में, चाहे वह संसदीय हो या राज्य विधानमंडल का, मतदान की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है।
  - इसने 'पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज़' मामले में अपने वर्ष 2013 के फैसले को दोहराया।
  - अदालत ने माना कि यह मौलिक अधिकार का एक हिस्सा है, क्योंकि मतदान करने वाले मतदाताओं और मतदान न करने वाले मतदाताओं के बीच अंतर करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद-14, अनुच्छेद-19(1)(A) तथा अनुच्छेद-21 का उल्लंघन है।
  - गोपनीयता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का एक भाग है। अत: कथन 1 सही है।

- पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज़ मामले, 2013 में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि मत की गोपनीयता के अधिकार के दो मुख्य घटक हैं:
    - वोट के अधिकार में वोट न देने का अधिकार अर्थात् अस्वीकार करने का अधिकार भी शामिल है।
    - गोपनीयता का अधिकार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का एक अभिन्न अंग है। अत: कथन 2 सही है।
    - किसी की पसंद की गोपनीयता से ही लोकतंत्र मज़बूत होता है।
- मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा का अनुच्छेद 21(3) और नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा के अनुच्छेद 25(बी) "गोपनीयता के अधिकार" से संबंधित है। अत: कथन 3 सही है।

**40.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत की मौजूदा SEZ नीति का अध्ययन करने के लिये वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बाबा कल्याणी के नेतृत्व वाली समिति का गठन किया गया था और नवंबर 2018 में अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की थीं।
- इसे विश्व व्यापार संगठन (WTO) को अनुकूल बनाने और अधिकतम क्षमता का उपयोग करने तथा SEZs के संभावित उत्पादन को अधिकतम करने हेतु वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को लाने की दिशा में SEZ नीति का मूल्यांकन करने के व्यापक उद्देश्य के साथ स्थापित किया गया था।
- अत: विकल्प D सही है।

**41.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- 'समान परंतु विभेदित उत्तरदायित्व' (CBDR) 'जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन' (UNFCCC) के अंतर्गत एक सिद्धांत है। अत: कथन 1 सही है।
    - यह जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में अलग-अलग देशों की विभिन्न क्षमताओं और अलग-अलग दायित्वों को स्वीकार करता है।
    - 'समान परंतु विभेदित उत्तरदायित्व' का सिद्धांत 'मानव जाति की साझी विरासत' की अवधारणा से विकसित हुआ है।
- यह सिद्धांत रियो डी जनेरियो, ब्राज़ील में आयोजित 'अर्थ समिट' (1992) में प्रतिष्ठापित किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- CBDR उत्तरदायित्वों के दो तत्त्वों पर आधारित है:
    - पहला- पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास की चिंताओं के संबोधन में सभी राज्यों का साझा एवं समान दायित्व।
    - दूसरा: विभेदित उत्तरदायित्व, जो राज्यों को पर्यावरण संरक्षण के लिये उनकी राष्ट्रीय क्षमता और प्राथमिकता के अनुसार कार्य करने में सक्षम बनाता है।

**42.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में उत्तराखंड सरकार ने घोषणा की है कि वह अपने प्राकृतिक संसाधनों का मूल्यांकन 'सकल पर्यावरण उत्पाद' (Gross Environment Product'- GEP) के रूप में शुरू करेगी।
- यह सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product- GDP) के अनुरूप है।
- वैश्विक स्तर पर इसकी स्थापना वर्ष 1997 में रॉबर्ट कोस्टांज़ा जैसे पारिस्थितिक अर्थशास्त्रियों द्वारा की गई थी।
    - यह पारिस्थितिक स्थिति को मापने हेतु एक मूल्यांकन प्रणाली है। इसे उन उत्पाद और सेवा मूल्यों के रूप में लिया जाता है जिसमें पारिस्थितिकी तंत्र मानव कल्याण और आर्थिक एवं सामाजिक सतत् विकास को बढ़ावा मिलता है, इसमें प्रावधान, विनियमन तथा सांस्कृतिक पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएँ शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- कुल मिलाकर GEP उत्पादों और सेवाओं को प्रदान करने में पारिस्थितिकी तंत्र के आर्थिक मूल्य हेतु ज़िम्मेदार है जो हरित जीडीपी के घटकों में से एक है। अत: कथन 2 सही है।
  - ग्रीन GDP किसी देश की मानक GDP के साथ-साथ पर्यावरणीय कारकों को ध्यान में रखते हुए आर्थिक विकास का एक संकेतक है। यह जैव विविधता के ह्रास और जलवायु परिवर्तन हेतु ज़िम्मेदार लागतों का कारक है।
- पारिस्थितिक तंत्र सेवाओं का मूल्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद से लगभग दोगुना है। इसलिये यह पर्यावरण के संरक्षण में मदद करेगा और हमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाने में भी मदद करेगा।

**43.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या :**

- एशिया और प्रशांत के लिये संयुक्त राष्ट्र का आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (Economic and Social Commission for Asia and the Pacific- ESCAP) एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिये संयुक्त राष्ट्र की एक क्षेत्रीय विकास शाखा है।
  - यह 53 सदस्य देशों और 9 एसोसिएट सदस्यों से बना एक आयोग है। भारत भी इसका सदस्य है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 1947 में की गई थी।
  - इसका मुख्यालय थाईलैंड के बैंकॉक शहर में है।
- डिजिटल एवं सतत् व्यापार सुविधा पर वैश्विक सर्वेक्षण,2021 प्रत्येक दो वर्ष में UNESCAP द्वारा आयोजित किया जाता है और इसमें विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organization) के व्यापार सुविधा समझौते में शामिल 58 व्यापार सुविधा उपायों का आकलन करना शामिल है। अत: कथन 2 सही है।
  - 58 उपायों में इंटरनेट पर मौजूदा आयात-निर्यात नियमों का प्रकाशन, जोखिम प्रबंधन, टैरिफ वर्गीकरण पर अग्रिम निर्णय, आगमन पूर्व प्रसंस्करण, स्वतंत्र अपील तंत्र, शीघ्र शिपमेंट, स्वचालित सीमा शुल्क प्रणाली आदि शामिल हैं।
- किसी देश का उच्च स्कोर कारोबारियों को निवेश संबंधी निर्णय लेने में भी मदद करता है।
- संयुक्त राष्ट्र क्षेत्रीय आयोग (UN Regional Commission) संयुक्त रूप से डिजिटल और सतत् व्यापार सुविधा पर संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सर्वेक्षण आयोजित करते हैं।
- सर्वेक्षण में वर्तमान में पूरे विश्व की 143 अर्थव्यवस्थाओं को शामिल किया गया है। एशिया प्रशांत के लिये यह UNESCAP द्वारा आयोजित किया जाता है।
  - दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया क्षेत्र (63.12%) और एशिया प्रशांत क्षेत्र (65.85%) की तुलना में भारत सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला देश है।
  - भारत का समग्र स्कोर फ्राँस, यूके, कनाडा, नॉर्वे, फिनलैंड आदि सहित कई आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) देशों से भी अधिक है और समग्र स्कोर यूरोपीय संघ (EU) के औसत स्कोर से अधिक है। अत: कथन 3 सही है।

**44.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- "निजता का अधिकार" संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) का एक अभिन्न अंग है।
  - किसी व्यक्ति का निजता का अधिकार व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2019 द्वारा शासित होता है।
- वर्ष 2017 में निजता के अधिकार को सर्वोच्च न्यायालय ने जस्टिस के.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ मामले में मौलिक अधिकार घोषित किया।
  - न्यायालय ने कहा कि निजता का अधिकार अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के आंतरिक हिस्से के रूप में और संविधान के भाग III द्वारा गारंटीकृत स्वतंत्रता के एक हिस्से के रूप में संरक्षित है।" अत: विकल्प B सही है।

**45.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या**

- 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय' सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत 'सांख्यिकीय सेवा अधिनियम 1980' के तहत स्थापित सरकार की केंद्रीय सांख्यिकीय एजेंसी है।
    - यह सरकार और अन्य उपयोगकर्त्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये सांख्यिकीय सूचना सेवाएँ प्रदान करने हेतु उत्तरदायी है, जिसके आधार पर नीति-निर्माण, नियोजन, निगरानी और प्रबंधन संबंधी निर्णय लिये जा सकें।
        - इसमें आधिकारिक सांख्यिकीय सूचना एकत्र करना, संकलित करना और प्रसारित करना शामिल है।
- NSO द्वारा संकलित अन्य रिपोर्ट और सूचकांक:
    - औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)
    - उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)
    - सतत् विकास लक्ष्य राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा प्रगति रिपोर्ट
    - आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण
    - अत: विकल्प D सही है।

**46.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

मंकीपॉक्स वायरस:

- यह एक वायरल ज़ूनोटिक रोग (Zoonotic Disease- जानवरों से मनुष्यों में संचरण होने वाला रोग) है और बंदरों में चेचक जैसी बीमारी के रूप में पहचाना जाता है, इसलिये इसे मंकीपॉक्स नाम दिया गया है। यह नाइजीरिया की स्थानिक बीमारी है। अत: कथन 1 सही है।
    - यह रोग मंकीपॉक्स वायरस के कारण होता है, जो पॉक्सविरिडे फैमिली (Poxviridae Family) में ऑर्थोपॉक्सवायरस जीनस (Orthopoxvirus Genus) का सदस्य है।
- वायरस का प्राकृतिक स्रोत अज्ञात है, लेकिन इसे कई जानवरों में पाया गया है।
    - मंकीपॉक्स वायरस के स्रोत के रूप में पहचाने जाने वाले जानवरों में बंदर और वानर, विभिन्न प्रकार के कृतंक (चूहों, गिलहरियों और प्रैरी कुत्तों सहित) तथा खरगोश शामिल हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इससे संक्रमित लोगों में चिकन पॉक्स जैसे दिखने वाले दाने निकल आते हैं लेकिन मंकीपॉक्स के कारण होने वाला बुखार, अस्वस्थता और सिरदर्द आमतौर पर चिकन पॉक्स के संक्रमण की तुलना में अधिक गंभीर होते हैं।
    - रोग के प्रारंभिक चरण में मंकीपॉक्स को चेचक से अलग किया जा सकता है क्योंकि इसमें लिम्फ ग्रंथि (Lymph Gland) बढ़ जाती है। अत: कथन 3 सही है।

**47.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में व्यक्तियों के विदेशी धन को विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (Foreign Contribution (Regulation) Act- FCRA), 2010 के तहत विनियमित किया जाता है और गृह मंत्रालय (Ministry of Home Affairs) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
- व्यक्तियों को MHA की अनुमति के बिना विदेशी राशि स्वीकार करने की अनुमति है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - हालाँकि ऐसे विदेशी अंश की स्वीकृति हेतु मौद्रिक सीमा 25,000 रुपए से कम होगी।

- अधिनियम के तहत संगठनों को हर पाँच वर्ष में अपना पंजीकरण कराना आवश्यक है।

- विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2020:
  - विदेशी अंशदान स्वीकार करने पर रोक: अधिनियम लोक सेवकों को विदेशी अंशदान प्राप्त करने से रोकता है। लोक सेवक में कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है जो सेवा में है या जिसे सरकार द्वारा भुगतान किया जाता है या किसी सार्वजनिक कर्तव्य के प्रदर्शन हेतु सरकार द्वारा पारिश्रमिक दिया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
  - विदेशी अंशदान का अंतरण: अधिनियम विदेशी अंशदान को स्वीकार करने के लिये पंजीकृत व्यक्ति के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को विदेशी अंशदान के हस्तांतरण पर रोक लगाता है।

**48.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- पश्चिमी हिंद महासागर का आशय उस क्षेत्र से है जहाँ हिंद महासागर और अरब सागर मिलते हैं।
  - यह उत्तरी अमेरिका, यूरोप तथा एशिया को जोड़ता है, इसलिये रणनीतिक रूप से काफी महत्त्वपूर्ण है। अत: कथन 1 सही है।
- पश्चिमी हिंद महासागर (WIO) क्षेत्र में 10 देश शामिल हैं: सोमालिया, केन्या, तंजानिया, मोज़ाम्बिक, दक्षिण अफ्रीका, कोमोरोस, मेडागास्कर, सेशेल्स, मॉरीशस और रीयूनियन द्वीप।
  - प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के कारण हाल के वर्षों में विश्व के कई बड़े देशों की रुचि इस क्षेत्र के प्रति काफी बढ़ गई है।
- मेस (MASE) कार्यक्रम को वर्ष 2010 में मॉरीशस में अपनाया गया तथा इसका संचालन संयुक्त रूप से यूरोपीय संघ (EU) और संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ड्रग्स एंड क्राइम (UNODC) द्वारा किया जाता है।
  - कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य समुद्री डकैती के खिलाफ क्षेत्रीय रणनीति और कार्ययोजना को लागू करने हेतु पूर्वी एवं दक्षिणी अफ्रीका तथा WIO क्षेत्र की समुद्री सुरक्षा क्षमता को मज़बूत करना है। अत: कथन 2 सही है।
  - हिंद महासागर आयोग (IOC) इसका एक हिस्सा है। अत: कथन 3 सही है।

**49.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

- सामरिक पेट्रोलियम भंडार कच्चे तेल से संबंधित किसी भी संकट जैसे- प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध या अन्य आपदाओं के दौरान आपूर्ति में व्यवधान से निपटने के लिये कच्चे तेल के विशाल भंडार होते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा कार्यक्रम (International Energy Programme- IEP) पर समझौते के अनुसार, कम-से-कम 90 दिनों के लिये शुद्ध तेल आयात के बराबर आपातकालीन तेल का स्टॉक रखना अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency- IEA) के प्रत्येक सदस्य देश का दायित्व है।
  - भारत वर्ष 2017 में IEA का सहयोगी सदस्य बना।
  - अत: कथन 2 सही है।

**50.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान में 'अल्पसंख्यक' शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है। तथापि संविधान केवल धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को मान्यता देता है।
  - भारत में 6 अल्पसंख्यक समुदाय: जैन, पारसी, बौद्ध, ईसाई, सिख और मुस्लिम (सरकार द्वारा अधिसूचित)।
- अनुच्छेद 29: इसमें प्रावधान किया गया है कि भारत के राज्यक्षेत्र या उसके किसी भाग के निवासी नागरिकों, जिसकी अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति है, को उसे बनाए रखने का अधिकार होगा।

- यह धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ-साथ भाषाई अल्पसंख्यकों दोनों को संरक्षण प्रदान करता है।

- अनुच्छेद 30: इस अनुच्छेद के तहत सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी रूचि के शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन का अधिकार होगा।
    - अनुच्छेद 30 के तहत संरक्षण केवल अल्पसंख्यकों (धार्मिक या भाषाई) तक ही सीमित है, अनुच्छेद 29 की तरह यह नागरिकों के किसी भी वर्ग के लिये उपलब्ध नहीं है।
- अनुच्छेद 350-B: मूल रूप से, भारतीय संविधान में भाषाई अल्पसंख्यकों के लिये विशेष अधिकारी के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया था। लेकिन, 1956 के सातवें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में अनुच्छेद 350-B को जोड़ा गया।
    - इसके अनुसार, भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों के लिये एक विशेष अधिकारी होगा जिसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।
    - विशेष अधिकारी का यह कर्त्तव्य होगा कि वह संविधान के अंतर्गत भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों के लिये उपबंधित रक्षोपायों से संबंधित सभी विषयों का अन्वेषण करे।

**51.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्राचीन शहर धोलावीरा गुजरात राज्य के कच्छ ज़िले में एक पुरातात्त्विक स्थल है, जो ईसा पूर्व तीसरी से दूसरी सहस्राब्दी तक का है।
    - पाकिस्तान के मोहनजोदड़ो, गनेरीवाला और हड़प्पा तथा भारत के हरियाणा में राखीगढ़ी के बाद धौलावीरा सिंधु घाटी सभ्यता (IVC) का पाँचवा सबसे बड़ा महानगर है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- धौलावीरा कर्क रेखा पर स्थित है। अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में यूनेस्को ने गुजरात के धौलावीरा शहर को भारत के 40वें विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया है।
    - यह प्रतिष्ठित सूची में शामिल होने वाली भारत में सिंधु घाटी सभ्यता ( Indus Valley Civilisation- IVC) की पहली साइट है। अत: कथन 3 सही है।

**52.**

**व्याख्या : C**

**व्याख्या :**

- हाल ही में विज्ञान और पर्यावरण केंद्र (CSE) के सहयोग से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) द्वारा 'गंगा बेसिन में शहरों को जल संवेदनशील' बनाने पर एक नई क्षमता निर्माण पहल का शुभारंभ किया गया। अत: कथन 1 सही है।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा बेसिन शहरों में बेहतर नदी स्वास्थ्य के लिये स्थायी शहरी जल प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु क्षमता निर्माण तथा कार्रवाई व अनुसंधान करना है।
- मुख्य केंद्रित क्षेत्र :
    - जल संवेदनशील शहरी डिज़ाइन और योजना।
    - शहरी जल दक्षता और संरक्षण।
    - विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल शोधन और स्थानीय रूप से इसका पुन: उपयोग।
    - शहरी भूजल प्रबंधन।
    - शहरी जल निकाय/झील प्रबंधन ।
- अभिसरण प्रयास:
    - इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय प्रमुख शहरी मिशनों और अन्य मिशनों के साथ नमामि गंगे मिशन का अभिसरण सुनिश्चित करना है। अत: कथन 2 सही है।
    - अमृत, स्मार्ट सिटीज़, स्वच्छ भारत मिशन, हृदय, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन।
    - समस्त गंगा बेसिन राज्यों में राज्य/शहर स्तर पर अटल भूजल योजना, जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान।

**53.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉसमॉस ने 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन' (ISS) में 'नौका' नाम की अपनी सबसे बड़ी अंतरिक्ष प्रयोगशाला लॉन्च की है।
- रूसी भाषा में 'नौका' का अर्थ विज्ञान है। यह अंतरिक्ष में रूस की सबसे महत्त्वाकांक्षी अनुसंधान सुविधा है और इसमें ऑक्सीजन जनरेटर, रोबोट कार्गो क्रेन, एक शौचालय तथा रूसी अंतरिक्ष यात्रियों के लिये बिस्तर शामिल है।
  - इसे एक प्रोटॉन रॉकेट (रूस में रॉकेट समूह- रूस की अंतरिक्ष सूची में सबसे शक्तिशाली) का उपयोग करके कक्षा में भेजा गया है और इसे ISS तक पहुँचने में आठ दिन लगेंगे।
  - अत: विकल्प D सही है।

**54.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- गामा-किरण विस्फोट (GRB) ब्रह्मांड में सबसे शक्तिशाली घटनाएँ हैं, जिनका पता अरबों प्रकाश-वर्षों में लगाया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
  - एक प्रकाश वर्ष वह दूरी है जब प्रकाश की किरण एक पृथ्वी वर्ष या 9.5 ट्रिलियन किलोमीटर में यात्रा करती है।
- खगोलविद् उन्हें दो सेकंड से अधिक या कम समय तक चलने के आधार पर लंबे या छोटे के रूप में वर्गीकृत करते हैं।
  - वे बड़े सितारों की मृत्यु के समय लंबे समय तक हुए विस्फोट का निरीक्षण करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - दूसरी ओर लघु GRB तब बनते हैं जब संघटित (कॉम्पैक्ट) वस्तुओं के जोड़े- जैसे न्यूट्रॉन तारे, जो तारों के टूटने के दौरान भी बनते हैं- अरबों वर्षों में अंदर की ओर सर्पिल रूप में घूर्णन करते रहते हैं और आपस में टकराते हैं।

**55.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत और रूस के बीच 12वाँ संयुक्त सैन्य अभ्यास इंद्र-21 (Exercise INDRA) का आयोजन अगस्त 2021 में रूस के वोल्गोग्राद में किया जाएगा। अत: कथन 1 सही है।
- 'इंद्र' सैन्य अभ्यास की शुरुआत वर्ष 2003 में की गई थी, जिसे दोनों देशों के बीच बारी-बारी से द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में आयोजित किया गया था। हालाँकि पहला संयुक्त त्रि-सेवा अभ्यास (Tri-Services Exercise) वर्ष 2017 में आयोजित किया गया था।
- इस अभ्यास में दोनों देशों की सेनाएँ अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी समूहों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई संबंधी संयुक्त राष्ट्र (UN) जनादेश के अनुपालन में आतंक विरोधी अभ्यास करेंगी। अत: कथन 2 सही है।

**56.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- परंपरागत रूप से कांजीवरम साड़ी को प्राय: शहतूत के रेशमी धागों से हाथ से बुना जाता है और इसमें शुद्ध सोने या चांदी की ज़री प्रयोग होती है जो इसे एक महत्त्वपूर्ण गुणवत्ता प्रदान करती है।
- हथकरघा निर्मित रेशम की साड़ी को भारतीय पारंपरिक कपड़ों में सबसे शानदार और उत्तम दर्जे के कपड़े के रूप में जाना जाता है।

नोट :

- दक्षिण भारत विशेष रूप से कांचीपुरम के आसपास के क्षेत्रों की मंदिर वास्तुकला पारंपरिक कांजीवरम रूपांकनों के लिये डिज़ाइन प्रेरणा के रूप में काम करती है।
    - कांजीवरम साड़ी के डिज़ाइन में ऐसे कई रूपांकन खोजे जा सकते हैं, जैसे- पौराणिक पक्षी 'यली' (हाथी-शेर का संलयन) और 'गंडाबेरुंडा (दो सिर वाला राजसी पौराणिक पक्षी) आदि।
- चोल राजवंश से शुरू हुए लंबे और समृद्ध इतिहास के साथ कांचीपुरम साड़ियों को वर्तमान में भारतीय कपड़ा उद्योग की सबसे पुरानी एवं समृद्ध विरासतों में से एक माना जाता है।
- कांचीपुरम रेशम को वर्ष 2005-06 में भौगोलिक संकेत (GI टैग) भी प्राप्त हुआ है।
- अत: विकल्प B सही है।

**57.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- इसकी स्थापना वर्ष 2001 में शंघाई में रूस, चीन, किर्गिज़ गणराज्य, कज़ाखस्तान, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा एक शिखर सम्मेलन में की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
    - वर्तमान में इसके सदस्य देशों में कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान शामिल हैं।
- SCO, जिसे नाटो के प्रतिकार के रूप में देखा जाता है, आठ सदस्यीय आर्थिक और सुरक्षा ब्लॉक है तथा सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है।
- भारत को वर्ष 2005 में इसका पर्यवेक्षक बनाया गया था।
- वर्ष 2017 में भारत और पाकिस्तान इसके स्थायी सदस्य बने। अत: कथन 2 सही है।

**58.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या**

- 'जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम' (DICGC) वर्ष 1978 में जमा बीमा निगम (Deposit Insurance Corporation-DIC) तथा क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (Credit Guarantee Corporation of India- CGCI) के विलय के बाद अस्तित्व में आया।
    - यह भारत में बैंकों के लिये जमा बीमा और ऋण गारंटी के रूप में कार्य करता है।
    - यह भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा संचालित और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। अत: कथन 1 सही है।
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, स्थानीय क्षेत्रीय बैंकों, भारत में शाखाओं वाले विदेशी बैंकों और सहकारी बैंकों सहित अन्य बैंकों को DICGC से जमा बीमा कवर लेना अनिवार्य है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**59.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अर्थ ओवरशूट डे, 2021 उस तारीख को चिह्नित करता है जब किसी दिये गए वर्ष में पारिस्थितिक संसाधनों (उदाहरण के लिये मछली और जंगल) तथा सेवाओं के संदर्भ में मानव प्रजाति की मांग उसी वर्ष के दौरान पृथ्वी पर पुन: उत्पादन किये जा सकने वाले संसाधनों की मात्रा से अधिक होती है। अत: कथन 1 सही है।
- अर्थ ओवरशूट डे की अवधारणा पहली बार यूके थिंक टैंक न्यू इकोनॉमिक्स फाउंडेशन के एंड्रयू सिम्स द्वारा प्रस्तुत की गई थी, जिसने वर्ष 2006 में ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क के साथ मिलकर पहला ग्लोबल अर्थ ओवरशूट डे अभियान शुरू किया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

- ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क वर्ष 2003 में स्थापित एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है। इसकी प्रमुख रणनीति मज़बूत पारिस्थितिक पदचिह्न डेटा उपलब्ध कराना है।
- पारिस्थितिक पदचिह्न एक मीट्रिक है जो प्रकृति की पुन: उत्पन्न करने की क्षमता के विरुद्ध प्रकृति पर मानव मांग की व्यापक रूप से तुलना करता है। अत: कथन 3 सही है।

- अर्थ ओवरशूट डे की गणना ग्रह की जैव क्षमता (उस वर्ष पृथ्वी द्वारा उत्पन्न पारिस्थितिक संसाधनों की मात्रा) को मनुष्यों के पारिस्थितिक पदचिह्न (उस वर्ष के लिये मानवता की मांग) से विभाजित करके तथा 365 से गुणा करके, एक वर्ष में दिनों की संख्या की गणना द्वारा की जाती है:
  - (पृथ्वी की जैव क्षमता/मानवता का पारिस्थितिक पदचिह्न) x 365 = अर्थ ओवरशूट डे।

**60.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- जीआई टैग ऐसे कृषि, प्राकृतिक या एक निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता और विशिष्टता का आश्वासन देता है, जो एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र से उत्पन्न होता है और जिसके कारण इसमें अद्वितीय विशेषताओं और गुणों का समावेश होता है। जीआई (GI) टैग प्राप्त कुछ साड़ियाँ:
  - तमिलनाडु: कंडांगी साड़ी, थिरुबुवनम सिल्क साड़ी, कोवई कोरा कॉटन साड़ी।
  - उत्तर प्रदेश: बनारस ब्रोकेड।
  - कर्नाटक: इलकल साड़ी, मोलाकलमुरु साड़ी।
  - तेलंगाना: गडवाल साड़ी, पोचमपल्ली इकत (लोगो)
  - मध्य प्रदेश: चंदेरी साड़ी, महेश्वर साड़ी।
  - ओडिशा: उड़ीसा इकत, बोमकाई साड़ी, हबसपुरी साड़ी।
  - पश्चिम बंगाल: शांतिपुर साड़ी, बलूचरी साड़ी, धनियाखली साड़ी। अत: युग्म 1 और 3 सही सुमेलित हैं।

**61.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- बादल फटना एक छोटे से क्षेत्र में छोटी अवधि की तीव्र वर्षा की घटना है।
  - यह लगभग 20-30 वर्ग किमी. के भौगोलिक क्षेत्र में 100 मिमी./घंटा से अधिक अप्रत्याशित वर्षा के साथ एक मौसमी घटना है।
  - भारतीय उपमहाद्वीप में आमतौर पर यह घटना तब घटित होती है जब मानसून उत्तर की ओर, बंगाल की खाड़ी या अरब सागर से मैदानी इलाकों में और फिर हिमालय की ओर बढ़ता है जो कभी-कभी प्रति घंटे 75 मिलीमीटर वर्षा करता है। अत: कथन 2 सही है।
- बादल फटने की घटना:
  - सापेक्षिक आर्द्रता और मेघ आवरण, निम्न तापमान एवं धीमी हवाओं के साथ अधिकतम स्तर पर होता है, जिसके कारण बादल बहुत अधिक मात्रा में तीव्र गति से संघनित होते हैं और इसके परिणामस्वरूप बादल फट सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
    - जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वातावरण अधिक-से-अधिक नमी धारण कर सकता है और यह नमी कम अवधि में बहुत तीव्र वर्षा (शायद आधे घंटे या एक घंटे लिये) का कारण बनती है, जिसके परिणामस्वरूप पहाड़ी क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आती है और शहरों में शहरी बाढ़ आती हैं।
- बादल फटना वर्षा से भिन्न कैसे?
  - वर्षा बादलों से गिरने वाला संघनित जल है, जबकि बादल फटना अचानक भारी वर्षा का होना है।
  - प्रति घंटे 100 मिमी. से अधिक वर्षा को बादल फटने के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
  - बादल फटना एक प्राकृतिक घटना है लेकिन यह अप्रत्याशित रूप से और अचानक घटित होती है।

नोट :

**62.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सतलुज नदी का प्राचीन नाम जराद्रोस (प्राचीन यूनानी) शुतुद्री या शतद्रु (संस्कृत) है।
- यह सिंधु नदी की पाँच सहायक नदियों में सबसे लंबी है जिसे पंजाब (जिसका अर्थ है "पाँच नदियाँ") के रूप में संदर्भित किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज सिंधु की मुख्य सहायक नदियाँ हैं।
- यह दक्षिण-पश्चिमी तिब्बत में लंगा झील में हिमालय के उत्तरी ढलान से निकलती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - सिंधु की तरह यह तिब्बत-हिमाचल प्रदेश सीमा पर शिपकी-ला दर्रे तक एक उत्तर-पश्चिमी मार्ग को अपनाती है। यह शिवालिक श्रृंखला को काटती हुई पंजाब में प्रवेश करती है।
    - एक विस्तृत चैनल में दक्षिण-पश्चिम की ओर प्रवाहित होते हुए, यह पाकिस्तान में प्रवेश करने से पहले ब्यास नदी भारत-पाकिस्तान के बीच 65 मील (105 किमी) लंबी सीमा का निर्माण करती है और आगे 220 मील (350 किमी) तक बहने के बाद बहावलपुर के पश्चिम में चिनाब नदी में मिल जाती है।
        - सतलुज नदी पाकिस्तान में प्रवेश करने से पहले फिरोजपुर जिले के हरिके में ब्यास नदी से मिलती है। अत: कथन 3 सही है।
    - संयुक्त नदियाँ तब पंचनद बनाती हैं, जब ये पाँच नदियाँ, सिंधु से मिलती है।

**63.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- बाघ एक अनूठा जानवर है जो किसी स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र और उसकी विविधता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
    - यह एक खाद्य श्रृंखला में उच्च उपभोक्ता है जो खाद्य श्रृंखला में शीर्ष पर होता है और जंगली (मुख्य रूप से बड़े स्तनपायी) आबादी को नियंत्रण में रखता है।
    - इस प्रकार बाघ शिकार द्वारा शाकाहारी जंतुओं और उस वनस्पति के मध्य संतुलन बनाए रखने में मदद करता है जिस पर वे भोजन के लिये निर्भर होते हैं।
    - इस प्रकार बाघ संरक्षण वनों के संरक्षण का प्रतीक है। अत: कथन 1 सही है।
- सेंट पीटर्सबर्ग घोषणा को नवंबर 2010 में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में एक अंतर्राष्ट्रीय टाइगर फोरम में इकट्ठे हुए 13 टाइगर रेंज देशों (TRCs) के नेताओं द्वारा अपनाया गया था।
    - इसका उद्देश्य बाघों के प्राकृतिक आवास की रक्षा हेतु एक वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा देना और सफेद बाघ कर संरक्षण के लिये लोगों में जागरूकता को बढ़ाना है। अत: कथन 2 सही है।
- 29 जुलाई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस बाघ संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ानेसे संबंधित एक वार्षिक कार्यक्रम है।
    - पहला अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस वर्ष 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर समिट में मनाया गया था। अत: कथन 3 सही है।

**64.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (Ministry of Social Justice and Empowerment) ने वित्त वर्ष 2021-22 में सूचना-निगरानी, मूल्यांकन और सामाजिक लेखापरीक्षा (Information-Monitoring, Evaluation and Social Audit- I-MESA) नामक एक योजना तैयार की है। अत: कथन 1 सही है।
- इस योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2021-22 से विभाग की सभी योजनाओं की सामाजिक लेखापरीक्षा आयोजित की जाएगी।

नोट :

- यह सामाजिक लेखापरीक्षा राज्यों की सामाजिक लेखापरीक्षा इकाइयों (Social Audit Unit) और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के माध्यम से की जाती है। अत: कथन 2 सही है।

**65.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 (AERA अधिनियम) पारित किया गया जिसने AERA को एक वैधानिक निकाय के रूप में स्थापित किया। अत: कथन 1 सही है।
- यह इस बात को ध्यान में रखते हुए स्थापित किया गया था कि देश को एक ऐसे स्वतंत्र नियामक की आवश्यकता है जिसके पास पारदर्शी नियम हों और जो सेवा प्रदाताओं के साथ-साथ उपभोक्ताओं के हितों का भी ध्यान रख सके।
- AERA प्रमुख हवाई अड्डों पर वैमानिकी सेवाओं (हवाई यातायात प्रबंधन, विमान की लैंडिंग एवं पार्किंग, ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएँ) के लिये टैरिफ और अन्य शुल्क (विकास शुल्क तथा यात्री सेवा शुल्क) नियंत्रित करता है। अत: कथन 2 सही है।

**66.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- मैनुअल स्कैवेंजिंग (Manual Scavenging) को "सार्वजनिक सड़कों और सूखे शौचालयों से मानव मल को हटाने, सेप्टिक टैंक, नालियों और सीवर की सफाई" के रूप में परिभाषित किया गया है।
  - मैनुअल स्कैवेंजिंग की प्रथा जाति, वर्ग और आय के विभाजन से प्रेरित है।
  - इसलिये, हाथ से मैला ढोना संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत उल्लंघन माना जाएगा है क्योंकि अनुच्छेद 21 व्यक्ति को मानवीय गरिमा के साथ 'जीवन जीने के अधिकार' की गारंटी देता है। यह अधिकार नागरिकों और गैर-नागरिकों दोनों के लिये अधिमान्य है। अत: कथन 1 सही है।
    - भारत में मौलिक अधिकार भारत के संविधान के भाग III (अनुच्छेद 12-35) के तहत गारंटीकृत अधिकार हैं।
- मैनुअल स्कैवेंजर्स का रोज़गार और शुष्क शौचालय का निर्माण (निषेध) अधिनियम, 1993" के तहत देश में हाथ से मैला ढोने की प्रथा को प्रतिबंधित कर दिया गया है। अत: कथन 2 सही है।

**67.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सिक्यूरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीज़न (SAGAR) को वर्ष 2015 में शुरू किया गया था। यह हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के लिये भारत की सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इस कार्यक्रम का मुख्य सिद्धांत; सभी देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नियमों और मानदंडों का सम्मान, एक-दूसरे के हितों के प्रति संवेदनशीलता, समुद्री मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान और समुद्री सहयोग में वृद्धि इत्यादि है।
  - सागर की प्रमुख प्रासंगिकता तब सामने आती है जब भारत की अन्य नीतियों के साथ संयोजन में देखा जाता है जो समुद्री क्षेत्र को प्रभावित करती है जैसे एक्ट ईस्ट पॉलिसी, प्रोजेक्ट सागरमाला, प्रोजेक्ट मौसम, भारत 'शुद्ध सुरक्षा प्रदाता' के रूप में, ब्लू इकोनॉमी पर ध्यान केंद्रित करना आदि।
- भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाओं के बीच समन्वित गश्ती-कॉरपेट (India-Indonesia Coordinated Patrol (India-Indonesia CORPAT) के 36वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है।
  - भारत सरकार के 'सागर' (Security And Growth for All in the Region- SAGAR) दृष्टिकोण के अंतर्गत, भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ समन्वित गश्त, विशेष आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic Zone-EEZ) निगरानी में सहयोग, मार्ग अभ्यास (Passage Exercises)और द्विपक्षीय/बहुपक्षीय अभ्यासों के लिये सक्रिय रूप से संलग्न है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

**68.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ऊँचाई की तुलना में बहुत कम वज़न या 115 मिमी. से कम मध्य-ऊपरी बांह की परिधि या पोषण संबंधी एडिमा की उपस्थिति को 'गंभीर तीव्र कुपोषण' (SAM) के रूप में परिभाषित करता है।
- SAM से पीड़ित बच्चों की संख्या (राष्ट्रीय परिदृश्य): नवंबर 2020 तक देश भर में छह महीने से छह साल तक के अनुमानित 9,27,606 'गंभीर रूप से कुपोषित' बच्चों की पहचान की गई।
- SAM बच्चों की संख्या से संबंधित राज्य:
  - SAM से प्रभावित बच्चों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक (3,98,359) और उसके बाद बिहार (2,79,427) में है।
  - देश में सबसे ज़्यादा बच्चे उत्तर प्रदेश और बिहार में ही हैं।
  - महाराष्ट्र (70,665) > गुजरात (45,749) > छत्तीसगढ़ (37,249) > ओडिशा (15,595) > तमिलनाडु (12,489) > झारखंड (12,059) > आंध्र प्रदेश (11,201) > तेलंगाना (9,045) > असम (7,218) > कर्नाटक (6,899) > केरल (6,188) > राजस्थान (5,732)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वे राज्य जहाँ गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की संख्या नगण्य है: लद्दाख, लक्षद्वीप, नगालैंड, मणिपुर और मध्य प्रदेश में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे नहीं हैं।
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण निष्कर्ष:
  - राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 (एनएफएचएस-4) 2015-16 से पता चलता है कि बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण की प्रसार दर 7.4% थी।
  - एनएफएचएस-5 से पता चलता है कि वर्ष 2015-16 की तुलना में वर्ष 2019-20 में 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में बच्चों में कुपोषण बढ़ा है।
  - स्टंटिंग: सर्वेक्षण में शामिल 22 में से लगभग 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने वर्ष 2015-16 की तुलना में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के स्टंटिंग प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - स्टंटिंग स्थिति तब होती है जब किसी बच्चे की लंबाई उसकी उम्र के हिसाब से कम होती है, आमतौर पर बच्चों में कुपोषण बार-बार होने वाले संक्रमण के कारण होता है।
- सतत् विकास लक्ष्य (SDG-2: ज़ीरो हंगर) के तहत वर्ष 2030 तक सभी प्रकार की भूख और कुपोषण को समाप्त करना है तथा यह सुनिश्चित करना है कि सभी लोगों, विशेषकर बच्चों को पूरे वर्ष पर्याप्त और पौष्टिक भोजन मिले। अत: कथन 3 सही है।

**69.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वह एक महान योद्धा और खगोलशास्त्री थे, जो अपने पिता महाराजा बिशन सिंह की मृत्यु के पश्चात् सत्ता में आए थे।
- वह मुगलों के सामंत थे, जिन्हें औरंगज़ेब ने 'सवाई' की उपाधि प्रदान की थी, जिसका अर्थ है एक-चौथाई, यह उपाधि 'जय सिंह' के सभी वंशजों को प्राप्त थी। अत: कथन 1 सही है।
- उन्हें कला, विज्ञान, दर्शन और सैन्य मामलों में सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों एवं विद्वानों द्वारा प्रशिक्षित किया गया था।
- 'जय सिंह' मूलत: कछवाहा राजपूत वंश के थे, जो 12वीं शताब्दी में सत्ता में आए थे। अत: कथन 2 सही है।
- उन्होंने दिल्ली, जयपुर, वाराणसी, उज्जैन और मथुरा में खगोल विज्ञान वेधशालाओं का निर्माण किया जिन्हें जंतर मंतर के नाम से जाना जाता है।
  - 'जयपुर' शहर को अपना नाम उन्हीं से प्राप्त हुआ है। हाल ही में 'जयपुर' शहर को यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

70.

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 340 पिछड़े वर्गों की स्थितियों की जाँच के लिये एक आयोग की नियुक्ति से संबंधित है। अत: कथन 1 सही है।
    - इस आयोग का गठन 'सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों' की पहचान करने, उनके पिछड़ेपन की स्थितियों को समझने और उनके समक्ष आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिये सिफारिशें करने हेतु किया जाता है।
- जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन अक्तूबर 2017 में संविधान के अनुच्छेद-340 के तहत किया गया था।
    - यह आयोग ओबीसी कोटा के उप-वर्गीकरण पर विचार कर रही है कि यदि कोई विशेष समुदाय या समुदायों का समूह ओबीसी कोटा से सबसे अधिक लाभान्वित हो रहा है, तो इन विसंगतियों को किस प्रकार दूर किया जाए। अत: कथन 2 सही है।
        - उप-वर्गीकरण की आवश्यकता इस धारणा से उत्पन्न होती है कि ओबीसी की केंद्रीय सूची में शामिल 2,600 से अधिक में से केवल कुछ संपन्न समुदायों ने इस 27% आरक्षण का एक बड़ा हिस्सा हासिल किया है।
        - उप-वर्गीकरण केंद्र सरकार की नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में अवसरों का अधिक समान वितरण सुनिश्चित करेगा।